**1.00 P.M.**

## STATEMENT BY MINISTER CORRECTING ANSWER TO QUESTION

MR. CHAIRMAN: Now, Statement by Minister correcting Answer to Question, Dr. Jitendra Singh.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION; THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE; THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSION; THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH): Sir, I lay on the Table, a Statement (in English and Hindi) correcting the answer to Unstarred Question 2397 given in the Rajya Sabha on the 23rd March, 2017 regarding 'Estimation of Atomic Mineral Reserves'.

MR. CHAIRMAN: Thank you. The House is adjourned till 2.00 p.m.

*The House then adjourned for lunch at one of the clock.*

---

*The House reassembled after lunch at two minutes past two of the clock,*

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*

---

## SHORT DURATION DISCUSSION

**Further discussion on the situation arising out of the reported increase in the incidents of lynching and atrocities on minorities and dalits across the country - Contd***

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Naresh Gujral.

SHRI KAPIL SIBAL (Uttar Pradesh) Sir, when is my turn?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yesterday, the round was not complete. Two more names are before you. First, it is Shri Naresh Gujral and then Shri D. Raja. Then only will your turn come. Because yesterday it was not complete.

SHRI SHARAD YADAV (Bihar): What about me, Sir?

*Discussion was initiated on 19th July, 2017

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Be available, I will call you.

SHRI NARESH GUJRAL (Punjab): Sir, I heard with rapt attention the speeches made by my distinguished colleagues. I feel when we discuss this subject, which has shaken the conscience of every right-thinking Indian, we should refrain from giving a political colour to such barbaric brutality and such hate crimes with all the force at our command. This is the ancient and glorious land of Buddha, Mahavir, the Sikh Gurus, Mahatma Gandhi and Ambedkar. In fact, we should question and introspect as to why their collective message of tolerance, compassion, charity and respect for all religions is being forgotten.

Sir, the incidents have taken dangerous proportions all over the country. I think, once again, at least all of us sitting here should refrain from blame game and do some introspection. Are we not collectively responsible for creating such an atmosphere of hate and religious and social intolerance for political purposes? It is a country that has always celebrated its diversity. It is a country where we have participated in each other's religious functions and celebrations. Hindus, Muslims, Sikhs and Christians came to each other's rescue whenever there were dire times.

Sir, more importantly, we need to deliberate the way forward, the path to sanity and tolerance. The country, Sir, is looking at us with great hope and expectations. Let us send a message from this highest temple of democracy that this kind of goondaism will not be tolerated and that the perpetrator of such heinous crimes will be punished expeditiously irrespective of party affiliations.

Sir, in recent days, the Prime Minister has spoken very forcefully against it and I hope the law enforcement agencies all over the country are taking note of it.

Sir, one reason why the culprits of these crimes get encouragement is the slow speed of our investigative and judicial process. The laws are there but there is total laxity when it comes to judicial process or investigative process. And as a result, any fear of being made accountable is missing. I would urge the Government not only to talk to all the Chief Ministers but, at the same time, also speak to the Chief Justice of India so that special courts are set up and punishment is given to these people expeditiously.

Sir, as a nation, we condemn human right atrocities committed by our neighbours. It offends our sense of morality. Yet, we have watched in silence while the same sort of brutality has been committed by our own citizens against our own countrymen. Sir, these

acts are akin to terrorism and must be condemned as such. Today, the world is looking at India as a potential powerhouse. Our growth rate has surpassed that of China. FDI is making a beeline for India. Government has ushered in some changes including GST, which will be a big game-changer. Yet, Sir, when such heinous crimes are reported in the world media, people are reluctant then to either visit India or to invest in India. Sir, that is why I am saying that expeditious punishment is the only way out. Just saying that a few people were arrested and they are behind bars will not solve the problem. We have to show to the world that we mean business.

Sir, in the end, on behalf of my Party, I once again condemn such acts of brutality and urge all my fellow citizens to embrace tolerance and compassion, and respect and recognise diversity as a nation. Sir, this madness must be put an end to. Recognising the religious toll of these acts of violence, I invoke the words of the great Punjabi freedom fighter, Lala Lajpat Rai, from nearly a century ago and I quote, "The first article of an Indian's faith must be to love India. Only then can he be a patriot. Divided allegiance and divided love cannot produce either good nationalists and patriots or even good religionists." These are words that we must all imbibe and learn from it in our quest for communal peace and civil order. Thank you, Sir.

SHRI KAPIL SIBAL: Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir, for allowing me this opportunity to participate in this debate. Sir, I have been listening with rapt attention to the contributions made by my colleagues. But, Sir, quite frankly, I am shaken and shattered by the images that I have seen personally over social media and twitter. It is heart-wrenching horror, grotesque violence. आदमी उसको देख भी नहीं सकता, जो वाकये हमने ट्विटर पर देखे हैं। हमें अपने आपसे एक सवाल पूछना है कि आखिर इस किस्म की हिंसा क्यों हो रही है? पिछले 30-40-50 वर्षों में तो हमने ऐसी हिंसा कभी देखी नहीं। पिछले 7 वर्ष में जो ऐसे वाकये हुए हैं, जिनमें अपने ही लोगों ने, हिन्दुस्तान के ही लोगों ने अपने ही भाईयों की हत्या की, आखिर इसके पीछे सोच क्या है, भावना क्या है? लगभग 97 प्रतिशत हिंसा के वाकये 2014 के बाद हुए, आखिर क्यों? यह सवाल सदन के सभी सदस्यों को अपने आपसे पूछना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों, 2014 के बाद ऐसा क्यों? मैं इस पर काफी गौर कर रहा था और फिर मैंने सोचा कि मोदी जी के जो पुराने भाषण हैं, जरा वहां जाकर देखूं कि मोदी जी इसके बारे में क्या कहते थे। मुझे याद है कि 2012 में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन को संबोधित करते हुए मोदी जी ने कहा था कि गाय का मीट एक्सपोर्ट हो रहा है और हम बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि लोग चुप क्यों हैं? "I am unable to understand why you are silent. Why are you taking this lying down?' यह 2012 का वाकया मैं बता रहा हूं। उसके बाद, महाराणा प्रताप की जन्म Anniversary पर उन्होंने दूसरी बात बोली। उन्होंने महाराणा प्रताप के बारे में कहा - 'He dedicated his life to gau raksha. He fought wars and sacrificed young men to protect the cow. लेकिन यहां गौ-मांस के द्वारा

[Shri Kapil Sibal]
पैसे बनाए जा रहे हैं। ऐसे क्षण में, मैं महाराणा प्रताप को याद करता हूं।' यह 2012 की बात है। उसके बाद 2017 में किसने कब्रिस्तान और शमशान घाट की बात की थी? किसने कहा था कि अगर रमज़ान के दिनों में बिजली मिलती है तो दिवाली पर भी मिलनी चाहिए। उस समय किस तरह लोगों को भड़काया गया, किस भावना के साथ भड़काया जा रहा था? उसी का आज यह नतीजा है, जिस पर हमें गौर करना चाहिए।

पिछले तीन वर्षों में मोदी जी ने तीन किस्त के बयानात दिए - पहला 8 अक्टूबर, 2015 को, दूसरा 6 अगस्त, 2016 को और तीसरा 29 जून, 2017 को - और तीनों बयानों में उन्होंने जनता से कहा कि जो कुछ हो रहा है, वह सही नहीं हो रहा है। मैं 6 अगस्त, 2016 के बयान की ओर आपका ध्यान ले जाना चाहता हूं, जिसमें उन्होंने कहा कि - 'I get so angry at those who are into gau rakshak business. A gau bhakt is different, gau sewa is different. I have seen that some people are into crimes all night and wear the garb of gau rakshakas all day.' इसका मतलब है कि रात में ये लोग गलत काम करते हैं और सुबह गौ-रक्षक बन जाते हैं - ऐसा उनका कहना था। जब उन्होंने 29 जून, 2017 को गांधी जी के बारे में बात की, तो 30 जून को क्या हुआ? 30 जून को, अगले ही दिन, आचार्य योगेन्द्र आर्य, Head of Haryana's Gau Rakshak Dal, कहते हैं कि जब राजा अपना काम नहीं करेगा, तो प्रजा को करना पड़ेगा। ये तो आपके ही लोग हैं, जो ऐसा कह रहे हैं। आपने कोई कार्यवाही क्यों शुरू नहीं की, उसे बंद क्यों नहीं किया, उसके विरुद्ध FIR क्यों नहीं कराई? दूसरी बात, उस समय के Home Secretary, राजीव महर्षि जी क्या कहते हैं - 'These are over-reported and over-hyped incidents.' यह सरकार का रवैया है। प्रधानमंत्र जी 2012 में कुछ कहते हैं, 2017 में दूसरी बात कहते हैं और यहां उनके खुद के लोग ऐसे बयानात देते हैं। उसी का नतीजा हम देख रहे हैं। अगर कोई महात्मा गांधी की बात करता है, तो उसे महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन भी करना चाहिए। यह भी बताना चाहिए कि महात्मा गांधी ने गौ के बारे में क्या कहा था? उन्होंने कहा था - 'I would not kill a human being for protecting a cow.' लेकिन ऐसा खुले-आम हो रहा है। He also said: 'I have been long pledged to serve the cow but how can my religion also be the religion of the rest of the Indians? It will mean coercion against those Indians who are not Hindus.' यह महात्मा गांधी ने कहा था। "We have been reciting verses from the Koran at the prayer. But if anyone were to force me to recite these verses, I would not like it." लेकिन ये भक्त जो हैं, ये क्या करते हैं? अगर आप "भारत माता की जय" नहीं बोलोगे, तो फिर देखना उसका नतीजा क्या होगा। भाई, सच्चाई तो यह है कि the cow is the most non-violent animal in the world. The cow represents Ahimsa. गाय अहिंसा की प्रतीक है और उसके नाम पर आप हत्या करते हो, तो गौ माता की हत्या होती है, अहिंसा की हत्या होती है, मानवता की हत्या होती है, इंसानियत की हत्या होती है, मेरी हत्या होती है। ...**(व्यवधान)**... लेकिन, ये कौन ...**(व्यवधान)**...

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले):** सर, ...**(व्यवधान)**...

**श्री कपिल सिब्बलः** सुनिए तो सही। ...**(व्यवधान)**... सुनिए तो सही। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please, Athawaleji, *...(Interruptions)...* Athawaleji, sit down. *...(Interruptions)...* Sit down Athawaleji. *...(Interruptions)...* Mr. Athawale, sit down. *...(Interruptions)...*

**श्री कपिल सिब्बलः** मैं तो खुलेआम कहना चाहता हूं कि जो भी इंसान ऐसी हरकत करता है, खुलेआम करता है, वह कोई पुलिसमैन नहीं है, वह कोई अधिकारी नहीं है, वे एक non-official "सलवा जुडूम" जैसे लोग हैं, जो अपने आप यह तय करते हैं कि कानून क्या है और कानून को कैसे लागू करना है। जिसकी हत्या हुई, उसने कोई कानून का उल्लंघन नहीं किया। उनमें से कोई गाय को ट्रक में लेकर जा रहा था, जिसको उतारकर हत्या कर दी गई या किसी को जीप से बाँध कर हत्या कर दी गई। बताइए, यह तो एक बुज़दिल का ही काम हो सकता है। यह तो कोई coward ही कर सकता है कि किसी को बाँध कर मारो और फिर वे कहते हैं कि हम भारत माता की रक्षा कर रहे हैं! मैं चुनौती देता हूँ। अगर भारत माता इतनी ही प्यारी है, तो जाओ न सरहद पर, लड़ो। जाओ सरहद पर लड़ो। ...**(व्यवधान)**... जाओ, सरहद पर लड़ो। उनको बोलो, लड़ो। ठीक है न! ...**(व्यवधान)**... जो भारत माता की ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. *...(Interruptions)...* No, no, please. *...(Interruptions)...*

**श्री कपिल सिब्बल** : भारत माता के नाम पर जो हत्या कर रहा है - अपने आदमियों को मारने के बजाए वहाँ जाकर enemy को मारो, फिर पता चलेगा कि भारत माता की आप सुरक्षा कर रहे हो। वह हिम्मत आप में नहीं है। आप में तो इतना है कि उसको जीप से बाँधकर फिर उसको आप मारोगे। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No please. *...(Interruptions)...* There is shortage of time, let us not waste time. *...(Interruptions)...*

**श्री कपिल सिब्बल** : आप कहते हैं कि आपका इससे कोई लेना-देना नहीं है। आप कहते हैं कि ये तो vigilantes हैं, इसका बीजेपी से क्या लेना-देना? लेकिन मैं आपको वीएचपी का बयान बताता हूँ। वीएचपी ने announce किया है कि गौरक्षा के मामले में हम धर्म-योद्धा, यानी holy warriors को रिक्रूट करेंगे। यह वीएचपी का बयान है और आप कहते हैं कि आपको कुछ लेना-देना नहीं है! ये तो आप ही के लोग हैं! साथ में, वे यह भी कहते हैं कि we will equip gau rakshaks. कैसे equip करोगे? प्रधान मंत्री जी कैसे कहते हैं कि रात में ये कुछ और हैं और दिन में कुछ और हैं? उनका बयान रात को कुछ और है और दिन में कुछ औरहै, यह तो हम मान सकते हैं, लेकिन यह कैसे कह सकते हैं कि वे रात को कुछ और करते हैं, दिन में कुछ और करते हैं? उनको मालूम है कि आप ही के वीएचपी के लोग यह काम करते हैं। इन्होंने सारे अलीगढ़ डिस्ट्रिक्ट में यह तय किया है र्कि हम धम योद्धा खड़े करेंगे, आर्मी खड़ी करेंगे। और मैं आपको एक और बात बता दूं कि लगभग 2,700 गौ-रक्षक सेना आज 14 प्रदेशों में काम कर रही है। ये कहते हैं कि ये religious soldiers हैं, धर्म के सोल्जर्स हैं और ये recruit किए जा

[श्री कपिल सिब्बल]

रहे हैं वी.एच.पी. के द्वारा। और इन्हें कौन ट्रेनिंग दे रहा है, किस को ट्रेनिंग दे रहा है, कैसे ट्रेनिंग दी जा रही है, बजरंग दल के लोग ट्रेनिंग देते हैं। मीटिंग भी होती है और मीटिंग की जो मैं बात कर रहा हूं, यह 14 जुलाई और 17 जुलाईके बीच में हुई, जो अभी हुई है। प्रधान मंत्री जी क्या कह रहे हैं, प्रधान मंत्री जी क्या कर रहे हैं, महात्मा गांधी के बारे में बयान देना, यह तो अपने आप में मैं समझता हूं कि doublespeak है। कहना कुछ और करना कुछ। भावना कुछ और जमीन पर काम और दूसरा। यह तो जनता को बहकाने की बात है कि इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। In fact, Sanjay Subrahmanyam, Professor and Irving and Jean Stone Endowed Chair in Social Sciences at the University of California, Los Angeles told the Indian Express that there is unusually implicit understanding between the lynch mobs and top leadership in democracy. This is how you are perceived in the rest of the world. Your own people, your Bajrang Dal, the VHP, these are the people, who are actually doing this. And the Prime Minister very glibly says that no, no, these are anti-social elements. So I challenge the Prime Minister. Why does not he publicly say that the VHP is anti-social, that the Bajrang Dal is anti-social? But he has no courage to say that because that is the political support he gets from them for winning elections. There is no point in shying away from this. असलियत तो यह है कि आपकी हिन्दुत्व की ideology ने हिन्दुस्तान के लोगों में एक ऐसा भय पैदा कर दिया कि लोग टेलीफोन पर बात नहीं करना चाहते। यह लड़ाई मैं आपको सच बताऊं, मैं समझता हूं कि जो ऐसी बात करता है, जो ऐसे काम करता है, वह असली हिन्दू नहीं है वह नकली हिन्दू है। वह हिन्दुत्व का अपमान करता है, वह Hinduism का अपमान करता है, वह इंसानियत का अपमान करता है और अगर आगे लड़ाई होगी तो यहां और वहां की होगी, असली हिन्दू और नकली हिन्दू के बीच में होगी। यह लड़ाई होगी। आने वाले वर्षों में यह लड़ाई होगी। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, *...(Interruptions)...* Kapilji, please don't be carried away by them because your time is limited. *...(Interruptions)...* Kapilji, your time is limited. So, please.. *...(Interruptions)...*

**श्री कपिल सिब्बल :** मैं आपसे पूछना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Kapilji, you can address the Chair. *...(Interruptions)...* He need not ask. *...(Interruptions)...*

**श्री कपिल सिब्बलः** मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि जो इस तरह की लिंचिंग करता है, क्या वह हिन्दू है? इस तरह से मार-पीट करता है, क्या वह हिन्दू है? वह हिन्दू नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is asking them questions. So they will react. *...(Interruptions)...* बैठिए,बैठिए। Kapilji, already 16 minutes हो गए।

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, don't allow them. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes; you don't ask them questions also. You address the Chair. आप लोग बैठिए। Sit down. ...*(Interruptions)*... Kapilji, already 16 minutes are over. ...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL: In fact, it was the Prime Minister, who way back in 2014, said that this country has heard of the White Revolution, this country has heard of the Green Revolution and, now, a Pink Revolution is taking place, and therefore, we must protect our cows. So it is nothing to do with those vigilantes, it is something to do with Shri Narendra Modi. There is nothing to do with vigilantes. It is the Prime Minister who is creating the kind of environment in which this is happening and it is better, instead of the doublespeak for the Prime Minister, to come clean. How is it that when he made this statement in 2015, then in 2016, then again in 2017, it has had no effect? ...*(Interruptions)*...

**श्री गोपाल नारायण सिंह** (बिहार): प्रधान मंत्री आपको इशारा कर रहे थे। ...(**व्यवधान**)... आप उसे बढ़ावा दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री कपिल सिब्बलः** मैं आपको ...(**व्यवधान**)...

**श्री गोपाल नारायण सिंहः** आपने जो गलत काम किए हैं, उन्होंने आपको इशारा किया है कि ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... It is not going on record. ...*(Interruptions)*... आप बैठिए।

**श्री गोपाल नारायण सिंहः** *

**श्री कपिल सिब्बलः** असलियत तो यह है कि हिन्दुस्तान के इतिहास में सबसे ज्यादा ऐसी हत्याएं 2017 में हुई हैं। ...(**व्यवधान**)... 2017 में सबसे ज्यादा हत्याएं हुई हैं और ये कहते हैं कि हम गाय की रक्षा करना चाहते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हरियाणा में मथाना नामक स्थान पर एक गौशाला की जगह है। वहां पचास गायों की मृत्यु हो गई क्योंकि वे उनका ख्याल नहीं रख रहे थे। जो गाय को सालाना पैसा मिलना चाहिए, वह 600 रुपए है - हर गाय के लिए 600 रुपए है, लेकिन ये कितना देते हैं - डेढ़ सौ रुपए। यानी जो सरकार है, उसे गाय को जितना पैसा देना चाहिए, वह पैसा भी खा जाती है - यह इनकी सरकार है और ये कहते हैं कि गाय के लिए ये इंसान को मारने के लिए तैयार हैं। यह कौन सी राजनीति हो रही है, आपको सोचना चाहिए। ...(**समय की घंटी**)... असलियत यह है कि इस देश में अगर हिंसा का वातावरण रहेगा तो न तो यहां कोई investment आएगी। ...(**समय की घंटी**)... कोई investment नहीं आएगी और लोग यह सोचेंगे कि मालूम नहीं, यहां कब हमारी गाड़ी रोक ली जाए और कब हमारे साथ कोई ऐसी बदसलूकी हो जाए। यह असलियत है। मैं आपको एक और बात बताना

*Not recorded.

[श्री कपिल सिब्बल]

चाहता हूं, महात्मा गांधी ने यह बात भी कही थी। उन्होंने कहा था कि हम सबको livestock का scientific evaluation करना चाहिए क्योंकि होता यह है कि as far as the farmer is concerned, वह बेचारा अपना livestock और अपना agriculture rotate करता है और यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह सरकार कह रही है, हिन्दुस्तान की सरकार खुद कहती है। तब वह क्या करता है कि जब गाय बीमार हो जाती है तो उसे रखने के लिए उसे चालीस हज़ार रुपए सालाना खर्च करने पड़ते हैं, उसके पास वह साधन नहीं होता है इसलिए वह उसे बेचना चाहता है क्योंकि अगर वह उसे रखेगा तो उसे चालीस हज़ार रुपए सालाना खर्च करने पड़ेंगे। जब वह उसे बेचता है और उसे जो पैसा मिलता है, उसे वह अपने काम में लगता है, agriculture में लगाता है। कहने का मतलब यह है कि ये लोग यह बात नहीं समझ रहे कि ये अपने ही लोगों की हत्या कर रहे हैं - जो किसान है, उसकी हत्या हो रही है क्योंकि वह बेचारा उसे बेच भी नहीं सकता है और उसे रख भी नहीं सकता है। जब वह उसे गौशाला में भेजता है तो सरकार को जो 600 रुपए देने होते हैं, वह उसे भी नहीं देती है। दूसरा, गौमूत्र पर तो इनकी बड़ी scientific learning है। मैं समझता हूं कि गाय के पालन के लिए अगर ये कुछ सोच करें तो शायद हम खुद गाय की रक्षा कर सकेंगे।

**कुमारी शैलजा** (हरियाणा): मंत्री जी ने Conference रखी है।

**श्री कपिल सिब्बलः** जी, Conference रखी है। ...**(समय की घंटी)**... I am just going to finish, Sir, in a minute or two. I am not going to take more time.

I will now present just a few facts because they are also hurting the economy of the country. I am just going to show us this. The cattle ban has been implemented by this Government. क्योंकि जो गाय का चमड़ा है, उसका हर चीज़ में इस्तेमाल होता है। Leather industry गाय के चमड़े से चलती है, आपकी pharmaceutical industry इसी से चलती है। In many of your soaps and shampoos, this stuff is used. Now, all this has stopped. All these have been affected negatively. आप इंडस्ट्री का नुकसान क्यों कर रहे हैं? The size of the Indian leather indusry in 215-16 was 17.85 billion dollars. It deployed three million people. Half of the leather industry employs people of less than 35 years of age. आपने उनका रोज़गार छीन लिया है क्योंकि leather का काम सारा बंद हो गया है। Then, we are the second largest producer of footwear in the world. We are the second largest producer of leather garments in the world, आपके *vigilantes* की वजह से वह काम बंद हो गया है। In 2016-17, this industry exported around 5.49 billion dollars worth of leather and leather products. वह कम हो गया है। The leather industry in 2015-16 was valued at 17.85 billion dollars. उसमें कटौती आ गयी। Leather is a major pitch in Modi's 'Make in India' programme. आप अपने 'Make in India' programme की हत्या कर रहे हैं। उसमें भी लैदर का इस्तेमाल होता है। Farmers, who own livestok will lose out on two fronts; income from selling livestock as meat, and increased cost burden due to maintenance of unproductive cattle. आपने व्यापार का

नुकसान किया, आपकी वजह से और आपके बयानों की वजह से इंसानों की हत्या हुई। आप बेरोजगारी बढ़ा रहे हो, आप अपने "मेक इन इंडिया" की हत्या कर रहे हो। देखिए, उस दिन नक़वी साहब ने कहा कि इनके खिलाफ केस कर दिया। हमने FIR दर्ज कर दी, हमने कार्रवाई शुरू कर दी। मैं इनको बताना चाहता हूं कि उनको कुछ ही दिनों में बेल मिल जाएगी और इन्हीं की इन्वेस्टिगेशन टीम केस वापस ले लेगी। मैं इनको देख रहा हूं, क्योंकि जो भी केस होता है, उस पर ये U turn करते हैं। ...(**व्यवधान**)... आप मुझे बताइए कि conviction कितनी हुई हैं? ऐसा तो 2014 से चल रहा है। क्या एक भी आदमी convict हुआ है? आप इसका जवाब दीजिए। FIR दर्ज करना तो अलग बात है। This is the last thing. This is an unofficial army of hooligans, associated with an idealogy, which will destroy the peace and tranquility of this country. No matter, what happens, this House must rise together to ensure that peace and tranquility will not be disturbed, and if the *nakli* Hindu does not rise, the *asli* Hindu will. Thank you.

**श्री उपसभापतिः** श्री शरद यादव जी।

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नक़वी)**ः सर, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

सर, यह बहुत छोटी सी चीज़ है, इसलिए कपिल सिब्बल जी जब बोल रहे थे, तो मैंने उनको बीच में टोका नहीं, क्योंकि वे फ्लो में बोल रहे थे और मैं बीच में बोलता तो उनको disturbance होती। पहली चीज़ तो यह है कि उन्होंने प्रधान मंत्री जी के तीन-चार वक्तव्यों का जिक्र किया है।

मेरी चेयर से रिक्वेस्ट होगी कि जिन वक्तव्यों का उन्होंने जिक्र किया है, उसको वे authenticate करें। अगर वे उसको authenticate नहीं करते, तो उसको रिकॉर्ड से निकाला जाए।

मेरा अगला विषय है और यह बिल्कुल स्पष्ट है। As regards allegations against an outsider on the floor of the House, the practice and the convention is not to bring the name of any person who cannot defend himself on the floor of the House.

इन्होंने कुछ संगठनों का नाम लिया है, कुछ संगठनों का नाम बार-बार लिया है, तो हमारी आपसे रिक्वेस्ट है कि जिन संगठनों का नाम इन्होंने लिया है और जो संगठन अपने आपको यहां डिफेंड नहीं कर सकते, उनको expunge किया जाए।

**श्री राजीव शुक्ल** (महाराष्ट्र)ः कौन से संगठन? ...(**व्यवधान**)... संगठन individual नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)...

DR. SUBRAMANIAN SWAMY (Nominated): Sir, what does he mean by *asli* Hindu and *nakli* Hindu? ...*(Interruptions)*... Is your Party President *asli* Hindu or *nakli* Hindu?

SHRI KAPIL SIBAL: No, no; all those who support Hindutva and ...*(Interruptions)*... are *nakli* Hindu.

**श्री उपसभापतिः** शरद यादव जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शरद यादवः** उपसभापति महोदय, कल से इस गंभीर विषय पर चर्चा हो रही है। इस देश में हत्याएं और आत्महत्याएं हो रही हैं और वह भी कानून के होते हुए हो रही हैं। हर तरह से असंवैधानिक और कानून को कुचल कर काम चल रहा है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि मैं जब इस सदन में आया था, तो पांचवीं, छठी, सातवीं लोक सभा में भी पैदल चल कर आता था। मैं नॉर्थ ऐवेन्यू में रहता था, आज यह सदन जेलखाना... मैंने जेलें भी बहुत भोगी हैं। जेल में थोड़ी बहुत सहूलियत थी, लेकिन यह जेलखाना हो गया। हमारे पुरखे थे, जिन्होंने आज़ादी की लड़ाई लड़ी और लड़ते-लड़ते धर्म के चलते हिन्दुस्तान के तीन हिस्से हो गए। उन तीन हिस्सों को आज जेलखानों में बदल दिया है। इन 70 वर्षों में हम कहां पहुंचे हैं? मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं, क्योंकि सरकार के बाद में परमात्मा है। वह हमसे कभी मिला नहीं, इसलिए उसके बारे में हमें ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन परमात्मा के पहले तो आप ही यहां पर हैं और कोई नहीं है। इसलिए आप से विनती कर सकते हैं और आप से लड़ सकते हैं। हमारे आसपास के अखलाक का, खाने के नाम पर, कत्ल हो जाता है। पहलूखान, जुनैद, नजीब, जोकि जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी का नौजवान जिंदा गायब हो गया है। आज हम लोग कहां खड़े हैं? महोदय, जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में जो नौजवान पढ़ता था, अदालतें उसे खोजने में लगते हैं। पहले यहां की पुलिस उसे खोजने में लगी थी, अब सीबीआई लगी है।

उपसभापति जी, जब धर्म राजनीति पर हावी हो जाता है और जब राजनीति धर्म पर हावी हो जाती है, तो दोनों मामलों में गड़बड़ हो जाती है। दोनों मामलों में कौमें बरबाद हो जाती हैं। हमारे बाजू में पाकिस्तान है, अफगानिस्तान है, सीरिया है, ईराक है - ये देश बहुत तरह के अंतर्विरोधों से भरे हुए हैं। उपसभापति जी, मुझे जीवन का अनुभव है, देश में अकेले धर्म ही नहीं है, जाति से लेकर कई तरह की भाषाएं, बोलियां हैं। इन बीमारियों के समाधान की जगह इन में हम आप लगाने का काम कर रहे हैं।

अभी नेता, विरोधी दल यहां नहीं हैं। उन्होंने कल बहुत सी बातों का जिक्र किया था, फिर भी मैं कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूं। सन् 2014 में आप आए हैं। लोग इकट्ठे होकर एक आदमी की जान ले लेते हैं और उसे lynching कहते हैं। महोदय, जब भीड़ मिलकर एक आदमी को मारती है, तो उस मारने का इस से ज्यादा तालिबानी तरीका दूसरा नहीं हो सकता। इस में सब से आगे नंबर 1 पर झारखंड है, जहां 14 दलितों में lynching हुई है। मैं अगर नाम लूंगा, तो उस में बहुत समय लगेगा। उत्तर प्रदेश में 11 जिलों में, हरियाणा में 9 जिलों में lynching हुई है। यहां आपका राज है। राजस्थान में 5 जिलों में lynching हुई है, मध्य प्रदेश में 4 जिलों में, महाराष्ट्र में 4 जिलों में, गुजरात में 4 जिलों में, लेकिन ये घटनाएं जब दूसरी सरकारों में देखें तो वहां संख्या 2 और 1 की हो जाती है। महोदय, मुझे गर्व है कि मैं जिस सूबे से सदन में हूं, वहां ऐसी एक घटना नहीं हुई है। महोदय, जहां व्यक्तिं इसानों के प्रतिं सवेदनशील हो जाता है, तो हमारे बिहार में lynching की एक भी घटना नहीं हुई है। हमारे यहां इस तरह से लोगों को धर्म के नाम पर दबाने की, कुचलने की या मारने की एक भी घटना नहीं हुई है। वह राज्य भी देश का हिस्सा है।

महोदय, बहुत लोगों की क़ुरबानी के बाद देश की आजादी मिली है। यह देश धर्म के नाम पर बंट गया है और जिन लोगों ने यह काम किया है, वे दोनों भुगत रहे हैं। मैं आपसे विनती करना चाहता हूं,

आज आपकी सरकार है, धर्म के नाम पर हालात इतने खराब हैं कि कुछ लोग बस में चढ़ने से डर रहे हैं, ट्रेन में चढ़ने से डर रहे हैं। मैंने जिस जुनैद का नाम लिया, आज भी उसे बचाने वाला कोई नहीं है। आज हालात ऐसे हैं कि आपकी पार्लियामेंट जेल हो गयी है। आप किसी एक साथी को अंदर नहीं ला सकते हो। अगर किसी आदमी को लाना है, तो हमें खुद अपनी गाड़ी का, खुद का कार्ड बनवाना पड़ता है। हमने अपना मुल्क बांटकर, अपनी आजादी को यहां कैदखाने में बदला है। आप इसके बाद किस तरह की तबाही और बरबादी करना चाहते हैं? यह गाय का मामला किसने उठाया और क्यों उठाया? यह मामला पहले क्यों नहीं उठा? हर रोज़ गाय का सवाल उठाने वाले लोग कौन हैं? पहले तो यह सवाल नहीं उठा? आज लगभग 60 वर्ष हो गए, लेकिन इसके बारे में किसी ने कुछ नहीं कहा और किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। आप जानते हैं कि इस सवाल के साथ क्या-क्या हुआ? आपले लैदर इंडस्ट्री को तबाही और बरबादी के कगार पर खड़ा कर दिया। देश में हर साल 12 हजार किसान आत्महत्या करते हैं। इससे पहले इस तरह की बात इस देश में कभी नहीं हुई, जबकि कई बार बड़े-बड़े सूखे पड़े हैं। हिन्दुस्तान में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसान मरने को मजबूर हो जाए। हमारे देश के किसान का यदि दूसरे नम्बर का कोई सहारा है, तो वह पशुधन है। किसान का एक सहारा तो उसकी खेती है और दूसरा उसके पशु-गाय, भेड़, बकरी, ऊंट और भैंस है। ये पशु किसान के ATM हैं। हिन्दुस्तान के गरीब आदमी का यदि कोई ATM है, तो वह उसका जानवर है। हम उसके पशुओं को पशुधन कहते हैं। हम खेती को पशुधन नहीं कहते हैं। हम लोग पशुधन के नाम से एड्रेस करते हैं। मैं आप से पूछना चाहता हूं कि यह गाय का मामला कहां था? हिन्दुस्तान की एक बड़ी आबादी है, जहां पर इस प्रकार के कांड हो रहे हैं। देश का प्रदेश झारखंड है, मध्य प्रदेश है, हरियाणा है, गुजरात और उत्तर प्रदेश है, जहां ये कांड हो रहे हैं। गुजरात में कौन गाय का मांस खाता था, कौन गाय को मारता था? आपने यह सवाल क्यों उठाया? जब आपने यह सवाल उठा लिया तो आप पशु-क्रूरता का कानून लेकर आ गए। आपको मालूम है कि हिन्दुस्तान में जमन में उत्पादन करने के लिए खाद, बीज, लोहा सब कुछ है, तो यह देश किसानों का देश होना चाहिए था। यह किसानों का देश नहीं है, इसलिए यह अभागा देश है। यदि यह किसानों का देश होता तो अकेले उसके उत्पादनों की कीमतें बढ़तीं, तो हिन्दुस्तान गाय बचाता है। जो गाया बचाते हैं, उनकी संवेदनशीलता ही मर गई है। आज हिन्दुस्तान का किसान किस कगार पर है, जो perishable फल, सब्जी उगाने वाला किसान है, आज वह जिस हालत में है, मैं आपको कैसे बयान करूं? ऊपर से इन लोगों ने जो यह गाय वाला मामला किया है, तो हर तरह से जानवर की कीमत जमीन पर आ गई है। खेती के उत्पादन वाली जमीन की कीमत भी नीचे हो गई है और किसान का पशुधन यानी कि जो उसका ATM था, उसके दाम भी नीचे चले गए हैं। आप क्या करना चाहते हैं? आप लोगों को रोजगार नहीं दे रहे हैं। आपने कहा था कि एक साल में दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे और किसानों को आप डेढ़ गुना दाम देंगे। यदि आप यह नहीं कर रहे हैं, तो जो चीज उनके हाथ में हैं, जो उनका पशुधन है, उसको मेले में और ठेले में ले जाकर कई तरह के काम कर रहे हो। यह कानून किसने बनाया है? आप इस कानून को क्यों नहीं वापस लेते? आपने किसान की बहुत तबाही मचा दी है। यदि मैं आप से कहूं कि किसान को डेढ़ गुना देने की जगह जितने भी कैश क्रॉप्स हैं, उन सबकी बरबादी और तबाही हो रही है। नोटबंदी के चलते लगभग पांच करोड़ का किसान का सामान खेतों में सड़ गया। इसी तरह से दलित का मामला है। हमारा एम.पी. अली अनवर अंसारी

[श्री शरद यादव]

है। इनको वह जगह दे दीजिए, जहां महात्मा जी भूख हड़ताल पर बैठ गए थे, वे सब पाकिस्तान जा रहे थे, वे सब लोग सौ, डेढ़ सौ साल पहले यहां के किसान, मजदूर, जाट, गूजर और अहीर हैं। वे दीवाली मनाते हैं, वे होली मनाते थे, वे आपके और हमारे जैसे कपड़े पहनते थे। यह उसी जगह का आंदोलन है। हमारे अली अनवर जी गए थे, वहाँ दलित का दिल दर्द से भरा हुआ है। आप दलित के साथ... आप, बस एक-दो मिनट मेरी बात जरूर सुन लीजिए। यह जो उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मामला घटित हुआ है, यह 2 मई की सिमराना गाँव की घटना है। यहाँ ऊँच-नीच का बहुत बड़ा मामला है, अगर मैं उस पर बोलूंगा तो और कलह बढ़ेगी, क्योंकि धर्म के आधार पर तो कलह है ही, जात की भी इस तरह की कलह बढ़ रही है कि यहाँ कुछ दबंग लोग कद्दावर हैं। इस मीटिंग में स्थानीय सांसद रहता है, फूलन देवी को मारने वाला, जिसको पैरोल मिलती है, वह उस मीटिंग में रहता है, उस मीटिंग का नतीजा यह होता है कि 5 तारीख को जब वे निकलते हैं तो पूरे गाँव में आग लगा देते हैं। वे लोग माँ, बहिन, बेटी के साथ जो-जो करते हैं, मैं उसको बोल नहीं सकता हूं। उन्होंने पूरे गाँव को जला दिया। जो 1/5 आबादी है, पाँचवाँ भाग है, 20 फीसदी दलित और आदिवासी लोग हैं, उनके साथ जुल्म हो गया। वे अभी हैं, आप मेरे साथ चलिए, उनमें से एक की भी एफ.आई.आर. दर्ज नहीं हुई। वे लोग प्रतिकार के लिए आपके सहारनपुर में किसी होस्टल में ठहरे, आपके यहाँ कोई महाराणा प्रताप होस्टल है, उसमें ठहरे। आग जली हुई है, लेकिन एक भी एफ.आई.आर. दर्ज नहीं हुई। ...(**समय की घंटी**)... एक नौजवान चंद्रशेखर आज़ाद है। आज उसके साथ पचास लड़के बंद हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सारे इलाके में जो लोग होशमंद हो गए और आप जो कहते हैं सेना, तो सेना को तो कानून के अंतर्गत आपको बंद करना है। कोई भी सेना बने, उसको रोकने का काम आप कर सकते हैं, लेकिन आप उन नौजवानों पर चारों तरफ से कई तरह के केस लगाकर उनके साथ जुल्म, ज्यादती करके उनको कुचलना चाहते हैं। आप हजारों वर्षों से कुचलते रहे, फिर कुचलना चाहते हैं। मैं आपके माध्यम से पूरे देश में कहना चाहता हूं। मैं उन नौजवानों के साथ पूरे देश में, ऊना से लेकर रोहित वेमुला के बारे में कहना चाहता हूं। बाबा साहेब जिंदगी भर लड़े, लेकिन मौत तक नहीं गए, मगर रोहित वेमुला बोलता है, "मेरा जन्म ही मेरा गुनाह है।" क्या हमारी आज़ादी का यह मायना निकला? हम यहाँ आज़ादी में हैं? हमारी आज़ादी यहाँ खत्म होती है कि एक दलित नौजवान पीएचडी करने जाता है और अंत में वह सोचता है कि मेरा और कोई गुनाह नहीं है, मेरा जन्म ही मेरा गुनाह है, मैं मौत को गले लगाता हूं। लोग लड़ रहे थे, आज़ादी के समय, जब अंग्रेज़ थे, तब लड़ रहे थे, आज हमारी आज़ादी में एक नौजवान कहता है कि जो मेरी जात है, वही मेरा गुनाह है, इस गुनाह के लिए मैं मरता हूं। इसका कोई दोषी नहीं है, यह जो ऊँच-नीच का सिस्टम आपने बनाया हुआ है, यही दोषी है। आप कहते हैं कि इस देश में कुछ नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: शरद जी, खत्म कीजिए।

**श्री आनन्द शर्मा** (हिमाचल प्रदेश): बोलने दीजिए।

**श्री शरद यादव**: यह सारी दलित की, किसान की ...(**व्यवधान**)...

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश): अभी और पंद्रह मिनट बोलेंगे।

**श्री शरद यादवः** बारह सौ किसान.. हर दिन बीस या पच्चीस किसान आत्महत्या करके मर जाते हैं। एक तरफ हम हत्या कर रहे हैं और दूसरी तरफ लोग आत्महत्या कर रहे हैं। इन सत्तर वर्षों में हमने कैसा मुल्क बनाया है? मैं 42 साल में इस सदन में हूं। मुझे भी कभी-कभी लगता है कि यह सदन, पूरा देश ऐसे संवेदनहीन हो गया है, हम लड़ते-लड़ते तंग हो गए हैं, ऐसे हालात में लगता है कि धरती फट जाए और हम इस धरती से चले जाएं। इस देश की ऐसी हालत है। हम आपको सुनाएं, हमारे पास आपको सुनाए बगैर और क्या रास्ता है? अहीर साहब, नक़वी साहब, शिक्षा मंत्री जी, आप यह जान लीजिए कि देश बहुत बुरी जगह जाने वाला है, सिविल वॉर की तरफ बढ़ रहा है।

आदमी बस में चढ़ने से डर रहा है। दलित, जो हिंदुस्तान में हजारों वर्षों से दुख और तकलीफ में है, उसने कभी इस देश से अलग होने की बात नहीं कही। उसने बरदाश्त किया है। क्या आप उसके सहने की शक्ति की परीक्षा ले रहे हैं? क्या आप ऐसी परीक्षा ले रहे हैं कि उसके मकान जल जाएं, माँ, बहिन, बेटी के गुप्तांग में तलवार डाल दी जाए, उसके स्तन काट दिए जाएं और उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं हो? आपकी सरकार है, हम किससे कहें? वे लोग मेरे पास आते हैं, मैं आपको क्या बताऊँ, कभी-कभी लगता है कि ...(**समय की घंटी**)... यह आज़ादी मजबूत लोगों की बाजू में तो आ गई... लेकिन यह आज़ादी गरीब की बाजू में नहीं गई, किसान की बाजू में नहीं गई, आदिवासी की बाजू में नहीं गई।

**श्री उपसभापतिः** शरद जी, कन्क्लूड कीजिए।

**श्री आनन्द शर्माः** सर, उनको बोलने दिया जाए।

**श्री शरद यादवः** आपने जंगल काट डाले। जो पांचवां और छठा शेड्यूल आपने संविधान में रखा, उनके हक उनको पूरे नहीं मिल रहे। हाजी भाई, यह क्या है? किस बात के लिए यह लोकतंत्र है? किसके लिए वोट है यह? क्यों इंसाफ नहीं होता? आप इंसाफ करिए। यह जो आपका सब्बीरपुर है। इसमें गरीबों के मकान चले गए। इनको हम मुआवजा दे सकते हैं। आप मेरे साथ चलो, मैं सदन से माफी मांग लूंगा, राजनीति से सन्यास ले लूंगा, चलो मेरे साथ, देखो कि वहां क्या हुआ है? कोई मंत्री जी मेरे साथ वहां चले, देखे कि वहां उनके साथ क्या-क्या हुआ है? क्यों यह सब चल रहा है? हम लोग किस बात के लिए बैठे हैं? ऐसा जुल्म, ऐसा अन्याय! ...(**व्यवधान**)... जुनैद, एक जिंदा बच्चा, इस देश में एक यूनिवर्सिटी है जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, जो सबसे बड़ी है, वहां से एक जिंदा जुनैद गायब हो जाए और हमारा कानून यह बता नहीं सकता कि वह मर गया है या जिंदा है या कहां गया? उसकी हड्डी का भी पता नहीं है। जिंदा इंसान को उठाकर कहां ले गए आप? किस बात के लिए आपको चुना है? किस बात के लिए आपको राज मिला है? किस बात के लिए आप संविधान की ओथ लेते हो? किस बात के लिए इसको नमन करते हो? हिंदुस्तान की जनता को, उसकी इज्जत, हैसियत को, कानून-व्यवस्था को बचाए रखने की...

**श्री उपसभापतिः** अभी आप कन्क्लूड कीजिए।

**श्री आनन्द शर्माः** इनका यह रिकॉर्ड पर जाना चाहिए।

**श्री शरद यादवः** सर, मैं आपकी मजबूरी जानता हूँ, लेकिन मेरी आपके माध्यम से विनती इतनी है कि सरकार के भाइयो, यह मुल्क एक बार मर चुका, इस देश में मुसलमान रहना चाहता है। वहां जो गया था, वह रो रहा है, तबाह और बरबाद हो रहा है।

**श्री मेघराज जैन** (मध्य प्रदेश): वह रहना चाहता था, * ...(**व्यवधान**)...

**श्री आनन्द शर्माः** क्या कहा इन्होंने? ...(**व्यवधान**)... क्या कहा आपने? ...(**व्यवधान**)... क्या कहा गया? ...(**व्यवधान**)... इन्होंने संविधान की शपथ ली है। ...(**व्यवधान**)... यह तो तय होगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not going on record. *...(Interruptions)...*

That is not on record. What is not on record is not on record. *...(Interruptions)...* Why are you. *...(Interruptions)...* Nothing was said. *...(Interruptions)...* He did not say anything. All of you sit down. *...(Interruptions)...* Please sit down, Shri Anand Sharma. *...(Interruptions)...* As long as it is not recorded, it is not there. Please sit down. *...(Interruptions)...*

**श्री आनन्द शर्माः** जो कहा है, माफी मांगें। ...(**व्यवधान**)... इसको वापिस कराइए। ...(**व्यवधान**)... यह किस तरह से कहा गया? ...(**व्यवधान**)... क्या हक है इनको? ...(**व्यवधान**)... क्या उनको भगाना चाहते हो? ...(**व्यवधान**)... देश को तोड़ना चाहते हो? ...(**व्यवधान**)... सर, पूछा जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not recorded. Why do you worry? *...(Interruptions)...*

SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI: It is not on record.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have not taken note of that. So, it is not there. It is not recorded. Why do you worry? *...(Interruptions)...*

SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI: It is not on record.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have not taken note of that. So, it is not there.

**श्री शरद यादवः** ये हमारे मित्र भी हैं। मैं यकीन के साथ कहता हूँ। मैं गांव गया था। वहां एक अम्मे नाम की महिला रहती है। उसने मुझे बचपन में खिलाया था। वह पूछती है कि हम इस देश में कैसे रहें? यहां गांव में मुस्लिम के इलाके में ऐसा होता है, जाओ पाकिस्तान। मैं कहूं कि हिंदुस्तान के मुसलमान ने यहां रहने का मन बना लिया है। एक वह दिन था, जो पाकिस्तान बनवाने का मन बनाया था, आज यहां रहने का मन बना लिया है। इससे बड़ी नियामत और कोई नहीं हो सकती कि हिंदुस्तान के बहुसंख्यक समाज के बाद दुनिया का हर हैसियत का आदमी यहां रहता है। उसका मत इस देश में जीने का, मरने का है। वह रहना चाहता है। उसको उकसाओ मत। उसे ऐसी दीवार पर मत लगाओ कि यह जेलखाना,

*Not recorded.

यह तकदीर, यह हक इनको ठीक कर सकते हैं, ऐसा किस लिए है? इन्हीं बातों के साथ मैं आपसे विनती करना चाहता हूँ कि मेरे पास कहने को बहुत कुछ था, मैं किसानों के बारे में भी बोलना चाहता था, लेकिन मैं आपकी मजबूरी जानता हूँ और अपनी बात को यहीं समाप्त करता हूँ। मैं आपसे फिर अपील करना चाहता हूं कि गाय का तमाशा बंद करिए, कोई गाय के साथ छेड़खानी नहीं कर रहा है। पूरा किसान तबाह हो गया है, गाय के दाम घट गए हैं, जानवरों के दाम घट गए हैं, किसानों की फसलों के दाम घट गए हैं। आप क्यों ये उल्टे-सीधे non-issues उठाने का काम कर रहे हैं? आप सरकार में आ गए, तो अच्छा काम करिए और जो कहा है, उसको पूरा करिए। बहुत-बहुत शुक्रिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: My problem is about shortage of time. We have decided in the morning that the discussion should be over by 4.00 p.m. But, I have a number of speakers before me. What do I do?

SHRI ANAND SHARMA: Sir, extend the time for discussion.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, extend the time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Everybody wants more time to speak. There are also Members from 'Others' Category. So, I request everybody to be as brief as possible.

SHRI PRABHAT JHA (Madhya Pradesh): Sir, it is my turn now.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will call you after Mr. Raja. We have already taken five hours.

SHRI ANAND SHARMA: Sir, when the matter is of 'praja', how can 'Raja' be brief?

SHRI D. RAJA: Mr. Deputy Chairman, Sir, with great amount of sadness, shame and agony, I rise to participate in this discussion. What are we discussing, Sir? We are discussing lynching, mob lynching of Muslims, Dalits, Adivasis and lynching and attacking women! Is it not shameful? Is it not a fact that all of us have collectively failed to ensure the Constitutional rights to our own fellow citizens and our own fellow human beings? Who are Dalits? Who are Muslims? Who are Adivasis? Who are women? They are all our fellow citizens and fellow human beings. And, we have collectively failed to ensure the Constitutional rights to our fellow human beings and fellow citizens. This is sadness. This is shameful for me and this Parliament is discussing lynching, mob lynching! When are we discussing? We are discussing this after seven decades of our Independence. After seven decades of our tryst with destiny, as declared by Shri Jawharlal Nehru. We are discussing mob lynching of our fellow human beings and asking everyone

[Shri D. Raja]

**3.00 P.M.**

of you to touch your conscience and rise before the people of this country. Have we not failed? What are we discussing? Is it a subject — lynching, mob lynching — for discussion? And, the Indian Parliament is discussing and debating this. So, I feel sad and shameful. But, Parliament is discussing. I will have to participate. That is why I am participating. And, Sir, Dalits, Adivasis, Minorities or women do not want any sympathy from this Parliament. They do not want empathy from this Parliament. Who are we to show sympathy and empathy to our own fellow citizens? There is the Constitution. Let us ensure that the Constitutional rights of our citizens will be protected. Let us ensure empowerment of our fellow citizens, whether it is economic or political or social. Let us say that this Parliament will ensure empowerment of all our fellow citizens. Why are we not speaking on those issues and on those lines? I am asking you. What is happening today? Why, suddenly, are we discussing lynching and mob lynching? When and why this phenomenon of mob lynching has started, as part of 'project insurrection'? I call it insurrection. Who are these groups? Who are these lynching mobs? Who are these lumpen elements who have taken law into their own hands and attacking Dalits, Advasis, Muslims and women? Who are these people? How can they take law in their hands? I am asking you. I would say, it is a part of 'project insurrection'. It is a part of an ideology. It is a part of a political theory. I call it *Manuwadi* fascism. I wrote about that. It is *Manuwadi* fascism. If you ask me, I can say that it is *brahamanical* fascism which is taking over India and India's political structure. This is very dangerous. Why is this happening today? This is happening in different parts of the country. I have been to Una. As my esteemed colleague, Shri Sharad Yadav, said, we both went to Una. I have visited several parts of this country. Why *dalits* are being massacred? Why are Muslims being attacked? And, you, as a Government, celebrating the centenary of Champaran, the Satyagraha. All of you must have read the history of Champaran, the Satyagraha. Everybody is quoting Mahatama Gandhi. Our hon. Prime Minister also quotes Mahatama Gandhi now and then. So, I am also quoting Mahatama Gandhi. In 1917, Mahatama Gandhi as in Champaran. He was invited by the *Gourakshini* Sabha in October, 1917, where Mahatama Gandhi said, "It is the very opposite of religious conduct to kill a Muslim in order to save a cow." I am quoting Mahatama Gandhi. If somebody has courage to contest, he should contest Mahatama Gandhi. It was Mahatama Gandhi who had said, "It is very opposite of religious conduct to kill a Muslim in order to save a cow." Same Mahtama Gandhi said in November, 1917 at Musafirpur, "If the Hindu is out to shed Muslim blood in order to save the cow, Swaraj will never come." Whatever swaraj we have, it will also go away,

if I extend Mahatama Gandhi's argument. Now, I quote Vivekananda. If you have any courage to disown Vivekananda, you please disown. Vivekananda, in his book 'Lectures from Columbo to Almora' has said, "There was no Brahamin in this very India who was considered a Brahamin without eating beef." This was said by Vivekananda. I am not saying this. As a communist, I have my own views. But, this is what Vivekananda had said. And, if you are committed to Vivekananda's legacy, how do you treat? Now, you are deciding what to eat? The GST has brought many troubles. If you go to an air-conditioned hotel, you will have to pay more. Then, the Government says, "Who asked you to go to a hotel? You eat at home." So, you are dictating what to eat. Finally, you will ask, why to eat. Is it the role of the Government? I am asking you. This is what I call *Manuwadi* fascism. And, the anatomy of lynching has been analysed by none other than your friends. I don't want to take the precious time of this House.

The New York Times wrote about the Pehlu Khan's killing, under the title 'Anatomy of Killing'. In Mr. Khan's case, the law was not merely paralysed; it actively served the killers. In the first hours after Mr. Khan was attacked, eleven people were rounded up and arrested for cow smuggling, but not even one for the murder. Three people were arrested for Mr. Khan's lynching, but only days after he died. But, the effect of the arrest was minimised by the role played by Prime Minister Narendra Modi's Bhartiya Janata Party. I am not saying this; this is what the New York Times is saying. It is the New York Times which has written this. It is the New York Times, and you all respect Prime Minister shaking hands with Donald Trump. I am happy that our Prime Minister is at par with the American President. But, that is not the issue. The issue is, how do we get exposed to the international community? We claim that we are an ancient civilization, we are an ancient country and we have great values. What values do we have? These are the values. You kill Muslim, because he eats beef; you kill *dalits,* because they eat beef, or, you kill *dalits* because they do inter-caste marriages, or, they marry inter-religious girls. ...*(Interruptions)*... You have nothing. I can say about that also. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please. We are short of time. Don't interrupt. Mr. Raja, you address the Chair.

SHRI D. RAJA: Okay, Sir. What I am saying is, this is what we should try to understand.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay.

SHRI D. RAJA: When Madam Indira Gandhi was the Prime Minister. ...*(Time-bell rings)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have already taken 10 minutes.

SHRI D. RAJA: When Madam Indira Gandhi was the Prime Minister, the Special Component Plan and also the Tribal Sub-Plan were brought. Now, we have dismantled the Planning Commission. It has been renamed as NITI Aayog. Everything is being privatised.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Raja, please conclude.

SHRI D. RAJA: I am concluding, Sir. Take the sense of the House. If the subject can be concluded now, I will sit down. These are all issues we should discuss, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay.

SHRI D. RAJA: We have the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act. How is that Act implemented? MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, fine.

SHRI D. RAJA: Why are the mob killers not being punished? They are being acquitted. Take any case where *dalits* were murdered or massacred.

Finally, the guilty, the accused are being acquitted, whether it is in Andhra Pradesh or in Bihar or in Uttar Pradesh or any State. ...*(Time-bell rings)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay.

SHRI D. RAJA: So, what I am trying to say is, this is a societal problem and we will have to fight it. ...*(Time-bell rings)*... Finally, Sir, I conclude with one saying. Whenever I enter into this Parliament, I look at two great Indians - two great sons of this country. One, the person who is standing with Constitution in his hand and pointing towards the Parliament. I take it as a message, 'Stand by the Constitution, safeguard the Constitution and follow Constitutional morality, and do something for social justice and equality for the people." Another Indian, Sir, is........

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. Please wind up.

SHRI D. RAJA: I will finish with this, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is this?

SHRI D. RAJA: Sir, another Indian is Mahatma Gandhi sitting there. ...*(Time-bell rings)*... He is sitting in a meditation mode. What is he praying? He is praying, "ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान" ...*(Time-bell rings)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay.

SHRI D. RAJA: And, what will he be praying now? Now, he will be praying, "सबको छोड़कर सिर्फ आरएसएस को सन्मति दे भगवान" That will be the prayer of Mahatma Gandhi. Let us safeguard the Constitution.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is all. Now, Shri Javadekar.

SHRI D. RAJA: Sir, finally, the Government should come forward with a Central legislation to prevent mob lynching.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Prakash Javadekar.

SHRI D. RAJA: Don't leave it to the State Governments. ...*(Time-bell rings)*... Don't ask States to take action. ...*(Time-bell rings)*... There should be a Central legislation on mob lynching.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It will not go on record. What is this? You have taken full time. There is one more speaker. You have not left even one minute for him.

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI PRAKASH JAVADEKAR): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you for having given me the opportunity. मैं संक्षेप में बात करना चाहता हूं और दो मुद्दे सदन के सामने विचार के लिए रखना चाहता हूं। मेरी पहली मान्यता यह है कि किसी भी तरह से mob violence में lynching कर के किसी की हत्या करना, सबसे जघन्य अपराध है और उसे कठोर से कठोर सजा होनी चाहिए, क्योंकि यह अपराध मानवता के खिलाफ है। This is the worst crime against humanity.

[**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)** *पीठासीन हुए]*

इसलिए जहां भी कोई lynching जैसी घटना होती है, उसकी कड़े शब्दों में केवल निन्दा ही नहीं करनी चाहिए, बल्कि हमारे देश में यह होना ही नहीं चाहिए। हमें ऐसे घृणित इंसिडेंट्स से प्रेरणा लेकर आगे काम करना चाहिए। लेकिन इसके साथ-साथ हमें selective amnesia का भी शिकार नहीं होना चाहिए, क्योंकि इतिहास है। सर, 1984 में, इसी दिल्ली में, घरों-घरों में आग लगाकर सिखों को जिन्दा जलाया गया, वह भी एक भयंकर अपराध ही था। टायर लाद कर उनको जलाया गया, वह अपराध था। जगह-जगह उनकी लिंचिंग हुई, यानी पत्थर से मारा गया। 3,000 से ज्यादा सिखों का कत्लेआम किया गया, लिंचिंग की गयी, यह भारतवर्ष का सबसे घृणित लिंचिंग कांड है।...(**व्यवधान**)...

**प्रो. राम गोपाल यादवः** इसी वजह से आप जस्टिफाई करेंगे? ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकरः** मैं आ रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... मैं उस पर आ रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... मैं पाँच मिनट ले रहा हूँ ...(**व्यवधान**)... पाँच मिनट की आपकी सहनशीलता है। ...(**व्यवधान**)...

**प्रो. राम गोपाल यादवः** वह गलत था, तो यह भी गलत है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकरः** मैं उस पर आ रहा हूँ ...(**व्यवधान**)... मैं आज तक पर आ रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... मैं आज तक पर आ रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... लेकिन सुनना तो पड़ेगा। लोकतंत्र है।

सर, दूसरी बात। गोधरा में अयोध्या से वापस आ रहे राम भक्तों पर हजारों के मॉब ने केरोसिन डाल कर, जला कर 42 लोगों को, पैसेंजर्स को मार दिया। इससे ज्यादा घृणित लिंचिंग कभी नहीं हुई है। इसे कैसे भूलेंगे? आज भी कहीं एक भी लिंचिंग होती है, तो वह भी उतनी ही घृणित है और उसकी भी हम भर्त्सना करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी शैलजाः** सर, ...(**व्यवधान**)... उसकी भर्त्सना नहीं करेंगे? ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकरः** मैं बता रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट। ...(**व्यवधान**)... मैं बता रहा हूँ। आज भी कहीं कोई भी ऐसा इंसिडेंट होता है, तो उसकी भी हम भर्त्सना करते हैं। ...(**व्यवधान**)... लेकिन मैं इतिहास को देखता हूं, तो मुझे selective amnesia नहीं होता। जहाँ भी लिंचिंग हुई, उसकी मैं भर्त्सना करता हूँ। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट। ...(**व्यवधान**)... बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रदीप टम्टा** (उत्तराखंड): सर, ...(**व्यवधान**)... क्या वे इंसान नहीं थे? ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकरः** बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप ज़रा सा बैठिए। ...(**व्यवधान**)... 2012 में ...(**व्यवधान**)... एक मिनट। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**ः आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकरः** मैंने कहा ...(**व्यवधान**)... मैंने कहा ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**ः एक मिनट। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए।

**श्री प्रकाश जावडेकरः** यह अभी-अभी की चर्चा है। 2012 में लिंचिंग की 16 घटनाएँ हुईं। 2012 में 25 लोग लिंचिंग में मारे गए – असम, महाराष्ट्र, बंगाल, आंध्र प्रदेश, मिजोरम, झारखंड, तमिलनाडु, हरियाणा और केरल में। इन राज्यों में 2012 में लिंचिंग के 16 incidents हुए और 25 लोग मारे गए। तमिलनाडु, केरल और बंगाल को छोड़ कर बाकी अन्य राज्यों में किसकी सरकारें थीं? तमिलनाडु में किसकी थी, बंगाल में किसकी थी, केरल में किसकी थी और बाकी सब राज्यों में किसकी सरकारें थीं? आज ...(**व्यवधान**)...

**श्री जावेद अली खान** (उत्तर प्रदेश): सर, ...(**व्यवधान**)...

†**جناب جاوید علی خان** : سر ...(مداخلت)...

†Transliteration in Urdu script.

**श्री प्रकाश जावडेकर** : एक मिनट। ...(**व्यवधान**)... मैं अभी आ रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आपको भी समय मिलेगा। ...(**व्यवधान**)... थोड़ा तो सच्चाई को सुनना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)... ऐसा नहीं होता।

**श्री जावेद अली खान**: कल गृह मंत्री जी ने कहा कि मॉब लिंचिंग को अलग से दर्ज नहीं कर रहे हैं।

†**جناب جاوید علی خان** : کل گرہ منتری جی نے کہا کہ ماب-لنچینگ کو الگ سے درج نہیں کر رہے ہیں-

**श्री प्रकाश जावडेकर**: मैं बता रहा हूं।

**श्री जावेद अली खान**: आप किस सोर्स से यह आंकड़ा दे रहे हैं, आप बताइए। ...(**व्यवधान**)...

†**جناب جاوید علی خان** : آپ کس سورس سے یہ آنکڑا دے رہے ہیں، آپ بتائیے --(مداخلت)--

**श्री प्रकाश जावडेकर**: मैं बता रहा हूँ ...(**व्यवधान**)... नहीं, मैं बता रहा हूं। मैं इसकी एक-एक बात का आपको लिखित दे देता हूँ, ऐसी क्या बात है!

सर, 2013 में लिंचिंग की 14 घटनाएँ हुईं, जिनमें 18 लोग मारे गए। In 14 incidents 18 people were killed, असम, हिमाचल, हरियाणा, झारखंड, यूपी और बंगाल में। अलग-अलग कारण, अलग-अलग समुदाय, अलग-अलग हत्याएं। लिंचिंग बहुत शर्मनाक अपराध है। मैं हरेक लिंचिंग की निन्दा करता हूं, लेकिन हम selective amnesia के बली नहीं है। अभी इस साल, जिसकी हम चर्चा कर रहे हैं, वे सब भी घृणित हत्याएँ हैं, सबसे जघन्य अपराध है और लिंचिंग का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है, यह भी मैं कहना चाहता हूँ। लेकिन, राजस्थान, हरियाणा, बंगाल, झारखंड, महाराष्ट्र, यूपी, जहाँ भी ऐसा हुआ, वहाँ सब जगहों पर गुनाहगारों को पकड़ा गया। मैं आज पूछ रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: बीच में मत बोलिए। ...(**व्यवधान**)... बैठे-बैठे बोलना ठीक नहीं है। आप बड़े लोग हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकर**: मैं आज पूछ रहा हूं कि 2012 और 2013 में लिंचिंग की की जो घटनाएँ हुईं, उनके गुनहगार कहाँ हैं? बहुत थोड़े जेल में हैं, बाकी बाहर हैं। दूसरा, सिखों की लिंचिंग के गुनहगार कहां हैं? 3 हजार सिखों की हत्याओं के, कत्लेआम के, लिंचिंग के गुनहगार कहां हैं? वे जेलों में नहीं हैं, फांसी के फंदे पर नहीं लटके हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मधुसूदन मिस्त्री** (गुजरात): 2002 में हत्या करवाने वाले कहां हैं? ...(**व्यवधान**)... जब आप 1984 की बात करते हैं, तो आपको 2002 की भी बात करनी पड़ेगी। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकर**: ऐसा नहीं है, आपको सुनना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मधुसूदन मिस्त्री**: अगर आप 1984 की बात करते हैं, तो आपको 2002 की भी बात करनी पड़ेगी। ...(**व्यवधान**)...

†Transliteration in Urdu script.

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: मिस्त्री जी, कृपया आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रकाश जावडेकर**: सच्चाई कड़वी हो सकती है, लेकिन सच्चाई ...(**व्यवधान**)...

**श्री मधुसूदन मिस्त्री**: सर ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: मिस्त्री जी, चूंकि आपकी टर्न नहीं है, इसलिए आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मधुसूदन मिस्त्री**: *

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: मिस्त्री जी जो बोल रहे हैं, वह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। जावडेकर जी जो बोल रहे हैं, केवल वही रिकॉर्ड पर जाएगा, बाकी कोई व्यवधान रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा।

**श्री प्रकाश जावडेकर**: आप सच्चाई की आवाज़ को दबा नहीं सकते हैं। ...(**व्यवधान**)... सच्चाई बोलने की इजाज़त लोगों को संविधान ने दी है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मधुसूदन मिस्त्री**: *

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: आप लोग व्यवधान न करें।

**श्री प्रकाश जावडेकर**: सर, जो अपराध हुए हैं, वे दंडनीय हैं, गुनाह हैं, जघन्य अपराध हैं, इनके अपराधियों को कड़ी सज़ा होनी चाहिए। यह निश्चित है। राज्यों का काम कानून एवं व्यवस्था कायम करने का है, उसको यह काम सख्ती से करना चाहिए, चाहे वहां किसी की भी सरकार हो, चाहे हमारी सरकार हो या आपकी सरकार हो। देश में सब पार्टियों की सरकार है। कम्युनिस्टों की दो राज्यों में सरकार है, तृणमूल कांग्रेस की एक राज्य में सरकार है, बीजेडी की एक राज्य में सरकार है, जेडीयू की एक राज्य में सरकार है, एआईएडीएमके की एक राज्य में सरकार है, कांग्रेस की 6 राज्यों में सरकार है। इस प्रकार से लोकतंत्र में सबकी सरकार है, बाकी राज्यों में एनडीए की सरकार है। यह इन सबका काम है, इसलिए इस सदन को एक राय से कहना चाहिए कि हम इस देश में लिंचिंग जैसा अपराध कभी सहन नहीं करेंगे, होने नहीं देंगे, लेकिन भारत को बदनाम करने के एजेंडे पर मत चलिए। ...(**व्यवधान**)... यह करना जरूरी है। ...(**व्यवधान**)... ऐसा ही एक और विवाद आपको याद दिलाना चाहता हूँ। ...(**व्यवधान**)... आपने ऐसा ही विवाद चर्च पर अटैक के मुद्दे पर किया था, बाद में सच्चाई सामने आई कि चर्च पर अटैक में कोई दूसरे लोग या मजहब का मुद्दा नहीं था, बल्कि यह उसी समुदाय के लोगों का आपस में हुआ था। जब यह सच्चाई सामने आई, तब सब लोग चुप हो गए। मेरी सदन से इतनी ही अपील है कि जघन्य अपराध को जघन्य अपराध कहना चाहिए, एकजुट होकर उसके

*Not recorded.

खिलाफ लड़ना चाहिए, लेकिन selective amnesia के शिकार होकर और केवल एक political दृष्टिकोण से इस विषय पर बहस नहीं होनी चाहिए और भारत को बदनाम नहीं करना चाहिए, यही मेरी अपील है, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: श्री के.टी.एस. तुलसी।

**श्रीमती जया बच्चन** (उत्तर प्रदेश): सर, जब मंत्री जी कह रहे हैं और इस एक्ट को कंडेम कर रहे हैं, तो उसके बाद 'लेकिन' नहीं आना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... उसके बाद 'लेकिन' शब्द नहीं आना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... मंत्री जी, आप कंडेम कीजिए, we would appreciate that, but don't use the word 'लेकिन'।

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: वह बोलने का तरीका है, आप अलग से समझा दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती जया बच्चन**: सर, 'लेकिन' का मतलब क्या हुआ? ...(**व्यवधान**)... 'लेकिन' means you are not agreeing. ...(**व्यवधान**)...

**विपक्ष के नेता (श्री गुलाम नबी आज़ाद)**: माननीय चेयरपर्सन साहब, मुझे रूलिंग पार्टी से इस शब्द पर घोर आपत्ति है, इससे कठोर शब्द भी कहता, तो हम लोगों को, जो यहां विपक्ष में सब नेता बैठे हैं, इतनी तकलीफ नहीं होती, लेकिन अगर इस देश के शिक्षा मंत्री की सोच ऐसी है, तो हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इस देश में कैसी शिक्षा दी जाएगी और दी जा रही है। यह बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है देश के सामने। हमने कल ही बताया था कि इसमें धर्म की बात नहीं है, लेकिन जिस तरह से selectively इन्होंने बातें बताईं, फिर मुझे भी बताना पड़ेगा कि जितनी सरकारों में जो भी दंगे हुए, उसमें उनके परिवार ही पाए गए हैं, कोई नहीं पाया गया, चाहे किसी की भी सरकार हो, उसमें आपके परिवार का ही कोई न कोई आदमी था, जिसने दंगे शुरू करवाए। चाहे सरकार कांग्रेस की थी, बी.जे.डी. की थी या पूरे हिन्दुस्तान में, कश्मीर से कन्याकुमारी तक, किसी भी दल की सरकार थी। आज हम किसी का नाम नहीं लेना चाहते, फिर भी आप हमें कहें कि हम भारत को बदनाम करना चाहते हैं। आज के भारत को बनाने वाले ये लोग हैं, आप नहीं थे। आप उस वक्त अंग्रेजों के साथ थे। भारत को बनाने का काम कांग्रेस और जितने दल विपक्ष में यहां बैठे हैं, उन्होंने किया है। आप यहां सिर्फ हकूमत करने के लिए आए हैं। भारत के लिए चौबीसों घंटे जिन्होंने खून दिया, जो लोग जेलों में सड़े हैं, जिनके परिवार का पता नहीं, जिनकी बेटियों का पता नहीं, जिनकी बीवियों का पता नहीं, जिस खानदान के लिए आप चौबीसों घंटे दुनिया भर की कहानियां लगाते हैं, जिसकी बीवी बीमार हो, जो खुद जेल में हो, बेटी काम चला रही हो और आज आप हमें भारत को बदनाम करने वाला कहते हैं। भारत को बनाने का ठेका क्या आपने लिया है? भारत को जिन्होंने बनाया है, मैं निवेदन करूंगा, पूरा विपक्ष मुझसे सहमत होगा कि माननीय शिक्षा मंत्री जी ने यहां जो बातें कहीं, उनकी speech को लेकर हम सदन से वॉक-आउट करते हैं।

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

† **قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد):** مانیئے چئیرپرسن صاحب، مجھے رولنگ پارٹی سے اس شبد پر سخت اعتراض ہے، اس سے کٹھور شبد بھی کہتا، تو ہم لوگوں کو، جو یہاں وپکش میں سب نیتا بیٹھے ہیں، اتنی تکلیف نہیں ہوتی، لیکن اگر اس دیش کے شکشا منتری کی سوچ ایسی ہے، تو ہم اندازہ لگا سکتے ہیں کہ اس دیش میں کیسی شِکشا دی جائے گی اور دی جارہی ہے۔ یہ بہت بڑا سوالیہ نشان ہے دیش کے سامنے۔ ہم نے کل ہی بتایا تھا کہ اس میں دھرم کی بات نہیں ہے، لیکن جس طرح سے selectively انہوں نے باتیں بتائیں، پھر مجھے بھی بتانا پڑیگا کہ جتنی سرکاروں میں جو بھی دنگے ہوئے، اس میں ان کے پریوار ہی پائے گئے ہیں، کوئی نہیں پایا گیا، چاہے کسی کی بھی سرکار ہو، اس میں آپ کے پریوار کا ہی کوئی نہ کوئی آدمی تھا، جس نے دنگے شروع کروائے۔

چاہے سرکارکانگریس کی تھی، بی جے ڈی کی تھی یا پورے ہندستان میں، کشمیر سے کنیاکماری تک، کسی بھی دَل کی سرکار تھی۔ آج ہم کسی کا نام نہیں لینا چاہتے، پھر بھی آپ ہمیں کہیں کہ ہم بھارت کو بدنام کرنا چاہتے ہیں۔ آج کے بھارت کو بنانے والے یہ لوگ ہیں، آپ نہیں تھے۔ آپ اس وقت انگریزوں کے ساتھ تھے۔ بھارت کو بنانے کا کام کانگریس اور جتنے دل وپکش میں یہاں بیٹھے ہیں، انہوں نے کیا ہے۔ آپ یہاں صرف حکومت کرنے کے لیے آئے ہیں۔ بھارت کے لیے چوبیسوں گھنٹے جنہوں نے خون دیا، جو لوگ جیلوں میں سڑے ہیں، جن کے پریوار کا پتہ نہیں، جن کی بیٹیوں کا پتہ نہیں، جن کی بیویوں کا پتہ نہیں، جس خاندان کے لیے آپ چوبیسوں گھنٹے دنیا بھر کی کہانیاں لگاتے ہیں، جس کی بیوی بیمار ہو، جو خود جیل میں ہو، بیٹی کام چلا رہی ہو اور آج آپ ہمیں بھارت کو بدنام کرنے والا کہتے ہیں۔ بھارت کو بنانے کا ٹھیکہ کیا آپ نے لیا ہے؟ بھارت کو جنہوں نے بنایا ہے، میں نویدن کرونگا، پورا وپکش مجھ سے سہمت ہوگا کہ مانیئہ شکشا منتری نے یہاں جو باتیں کہیں، ان کی اسپیچ کو لیکر ہم سدن سے واک آؤٹ کرتے ہیں۔

†Transliteration in Urdu script.

*(At this stage some hon. Members left the Chamber)*

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा** (उत्तर प्रदेश): शिक्षा मंत्री जी ने सदन में जिस तरह की बातें कहीं, हम भी उनसे बिल्कुल सहमत नहीं हैं और विरोध में हम सदन से वॉक-आउट करते हैं।

*(At this stage some hon. Members left the Chamber)*

**प्रो. राम गोपाल यादवः** भारत को बदनाम करने का जो हम पर आरोप लगाया गया है, वह बहुत गम्भीर है। हम भी इसके विरोध में सदन का बहिष्कार करते हैं।

*(At this stage some hon. Members left the Chamber)*

**श्री के.टी.एस. तुलसी** (नाम निर्देशित): सर, मैं इस विषय पर बोलने के लिए सुबह से इंतज़ार कर रहा हूं। आज चर्चा में जो विषय है, उसका नाम होना चाहिए। – 'Mob rule versus rule of law', क्योंकि कानून का anti-theis है। यह कहा जाता है कि – the first obligation of the State is to protect the lives and properties of the citizens, and if the State itself incites violence there can be no worse crime than that, and the State has no right to exist if it is going to encourage crime, protect crime, promote crime. The hon. Minister said – कि 1984 के गुनहगार कहां हैं? कानून की एक कमज़ोरी है, जिसमें सच को साबित करना बहुत मुश्किल होता है। इसके बावजूद, 40 से ज्यादा, 42 लोगों को सज़ा हुई। मगर 1984 में हरेक की जेब में स्मार्टफोन नहीं थे। उन दिनों हमें सच को साबित करन में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गवाहों को डराया गया, धमकाया गया। कुछ गवाह चले गए, कुछ मारे गए। मगर जैसी घटनाएं आज हो रही हैं, उनसे इस सरकार को कोई नहीं बचा पाएगा, क्योंकि हरेक इंसान, जो उसमें participate कर रहा है, उसका सारे का सारा किस्सा कैमरे में बंद है। वह किसी तरह मिटने वाला नहीं है। अब जो मौतें हो रही हैं, वे केस नहीं मिटेंगे। ये केस 10 साल, 20 साल, 50 साल तक चलेंगे। अगर कोई सोचता है कि 1984 का माहौल ही बना रहेगा, तो यह उसकी बहुत बड़ी गलती है। मैं पूछना चाहता हूं कि कानून की definition क्या है? *'Kanoon'* is civilized alternative to fighting on the streets, and if the State is promoting mob rule, if it is conveying an impression to these people that they will not be penalized, if the statements, which Mr. Sibal read out, are true and those statements were made, I am afraid that many people, who are in very responsible positions, their statements are recorded till eternity now and they will be deemed to be members of the conspiracy to kill. It is not only the persons who are present, but the people, who stand and wait and who encourage, who incite, who goad, are equally responsible under the law for the same punishment as the killers. Therefore, we should not forget that there is going to be a different way of proof of these crimes as compared to before. The hon. Minister also said that they have been dealt with in accordance with law. I also have a few statistics. There is no law that has been enforced. In the past eight years, out of the total incidents of violence that took place, 51 per cent were in the BJP

[श्री रामदास अठावले]

ruled States and 97 per cent were against Muslims and Dalits. There were a total of 63 cases, and out of these 63 cases, 32 cases were in the BJP-ruled States, and most of them were in Uttar Pradesh. There were 28 Indians who died in mob violence, and 24 out of 28. ...*(Interruptions)*...

**श्री रामदास अठावलेः** आइए, आपका स्वागत है। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती जया बच्चनः** आप यह मेरे लिए नहीं, सब के लिए बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: I won't speak for myself. What do you mean by comments like this? ...*(Interruptions)*... Sir, this is very wrong. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: यह आदत किसी की भी हो, ठीक नहीं है। बीच में व्यवधान नहीं करना चाहिए। तुलसी जी, बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए।

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: This is not the way to. ...*(Interruptions)*... We must support. ...*(Interruptions)*... What is this? ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: आप क्यों ध्यान दे रहे हैं? तुलसी जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती जया बच्चनः** आप किसी एक मेम्बर के लिए नहीं बोल रहे हैं, तो अगर हिम्मत है तो सामने आकर बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावलेः** सर, मैंने कहा कि यह सदन आपके बिना अधूरा है, इसलिए हमने बोला कि आपका स्वागत है। ...(**व्यवधान**)... लोकतंत्र में आपकी आवश्यकता है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नरेश अग्रवालः** सर, ये माफी माँगें, नहीं तो हाऊस नहीं चलेगा। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: नरेश जी, यह रिकॉर्ड में नहीं है। जो रिकॉर्ड में नहीं है, हम उसकी चर्चा नहीं करेंगे। ...(**व्यवधान**)... जो रिकॉर्ड में नहीं है, उसको चर्चा में नहीं लेना है। ...(**व्यवधान**)... बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावलेः** सर, ऐसा है कि मैंने तो इतना ही बोला था कि ...(**व्यवधान**)...

**श्री नरेश अग्रवालः** सर, मैंने इतना ही कहा है कि ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: रिकॉर्ड में ऐसा कोई शब्द आया नहीं है, इसलिए उस पर चर्चा नहीं की जा सकती। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावलेः** सर, मैंने इतना ही बोला था कि ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: यह इसका हिस्सा नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री आनन्द शर्मा**: सर, आप रिकॉर्ड निकाल दें, अगर रिकॉर्ड में नहीं आया है, तो बताएँ। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: नहीं आया है। कुछ नहीं आया है। ...(**व्यवधान**)... मैं पूछ लेता हूँ, आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... आनन्द जी, आप वरिष्ठ सदस्य हैं। मुझे कहने की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए और मैं बोलूं, यह मेरे लिए भी ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)... हाउस को चलाना है, तो सबको मिलकर चलाना है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नरेश अग्रवाल**: सदन चले या न चले, लेकिन बीजेपी माफी माँगे। ...(**व्यवधान**)... पहले माफी माँगे। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: नरेश जी, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नरेश अग्रवाल**: हम कैसे बैठ जाएँ? ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: आप कैसे बैठेंगे? आप जैसे बैठते हैं, वैसे बैठ जाइए। क्या वह मुझे सिखाना पड़ेगा? ...(**व्यवधान**)... क्या मुझे बैठने का काम भी सिखाना पड़ेगा? ...(**व्यवधान**)... आप तो बैठिए न! बैठ जाइए, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... अब कोई खड़ा नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नरेश अग्रवाल**: सर, ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: जब आपकी बारी थी, तब आपने बोल लिया, अब दूसरे को बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी**: नरेश जी, वह रिकॉर्ड में नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: नरेश जी, आपकी बारी नहीं है आप तो बोल चुके और वह रिकॉर्ड में नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावले**: मैंने बोला कि जो लोकतंत्र है, वह आपके बिना तो यहां अधूरा है और आपकी उपस्थिति यहां जरूरी है। आपकी यहां आवश्यकता है इसलिए मैंने बोला कि आप आइए। इसलिए मैंने कोई गलत नहीं बोला है।

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: आप भी मत बोलिए, आप तो मंत्री हैं। ...(**व्यवधान**)... तुलसी जी।

SHRI K.T.S. TULSI: Sir, I would also like to appeal to the Treasury Benches that every Member of the House. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: तूफान के बाद शांति होती है, बैठिए।

SHRI K.T.S. TULSI: There has to be some respect and some decency and to say, "सर झुका कर आ रहे हैं" is an indecent comment. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया):** आप क्यों रिएक्ट करते हैं, बस, हो गया।

SHRI K.T.S. TULSI: It was addressed to everybody. So, I want to say that there were 63 cases. There are 28 Indians who have died in these kinds of violence, which were mob-ruled. Sir, 24 out of 28, that is, 86 per cent are Muslims, and, for the Hon. Minister, who spoke yesterday, to say that 'a crime is a crime, let us not attribute religion to it', is contrary to the statistics. If 86 per cent targeted are Muslims and yet we say that it is not communal crime, what is the motive then? A crime is always done with a motive. If 86 per cent of people are Muslims, who have been killed, how are we not entitled to say that it is the Muslims who have been targeted, and, it is the dalits who have been targeted?

Therefore, kindly let us not have an ostrich-like approach. We have to face the facts, then only, we can find a solution to the problem. I want to say that any mob, whoever is lionizing it, they must know it, any mob is like a raging fire and those who are feeding the frenzy, either from a distance, be it any amount of distance, they are equally responsible. A crowd has no mind. Its only mind is the mass-mind and that is what forces them or induces them to kill without compassion in a most uncivilized manner, and, that is the negation of rule of law. It is said that the crime is being dealt with. I am sorry to say that the statistics do not show that the crime of mob-killing is being dealt with fairly. In five per cent of the cases of mob violence, no report has been registered. You can go to the police station a hundred times. They have not registered these offences. In 21 per cent of the cases, it is the victim or victim's family, against whom the cases are registered. These are the statistics which can be verified. Can we shut our eyes to all this and say, well, these are crimes and it is the duty of the States to deal with these crimes! I am sorry to say this.

Sir, I wish to appeal to the hon. Prime Minister that if he is serious about condemning the mob violence and lynching, then, it is important that he bans these organizations, which are openly indulging in these kinds of mob rule and mob violence. There is a need to ban the communal organizations, which openly claim that they are the ones who are doing this.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Please conclude.

SHRI K.T.S. TULSI: Sir, I just want to mention that whoever has promoted these groups of mobs, today they have turned it into a cottage industry of extortion, and, repeatedly, if the Government of the day will only look at the benefits of polarization, I am sorry to say that the economic ruin of *dalits,* farmers and Muslims is not going to be in the benefit of anyone. It is not a law and order situation. The hon. Prime Minister could have given a stern message, at least to the BJP Chief Ministers, that this must not be allowed to happen and that they must rein in their own communal organizations. I hope something is considered along these lines and they can be reined in. Otherwise,..

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: ठीक है। आपका टाइम पूरा हो गया है।

SHRI K.T.S. TULSI: Thank you, Sir.

**श्री प्रभात झा**: आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सदन बहुत गंभीर है। जब मैं शरद जी को सुन रहा था तो लग रहा था कि बहुत पीड़ित है और यह स्वाभाविक भी है। कल प्रकाश जी और नक़वी जी, दोनों ने यह बात कही कि इस तरह की घटना का कोई भी व्यक्ति समर्थन नहीं कर सकता, भर्त्सना के सिवाय कोई और कुछ नहीं कर सकता। दर्द अगर यही है तो हम आपके साथ शामिल हैं, लेकिन दिक्कत यह है कि दर्द कुछ और है और उसका इलाज जनता करती है, हम नहीं करते।

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा**: वही करेगी।

**श्री प्रभात झा**: कल हमारे गुलाम नबी आज़ाद जी ने कहा था कि आज देश में जितनी भी हो रही है वह हिन्दू-मुस्लिम या ऊंची-नीची जाति की लड़ाई नहीं है। मैं गुलाम नबी आज़ाद जी को बधाई देता हूं, उन्होंने आज भी इसी बात को दोहराया और उनकी इन बातों के साथ हम दिल से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह लड़ाई संघ ने छेड़ रखी है। ऐसा हर मामला संघ परिवार से जुड़ा नज़र आता है। सत्ताधारी दल ने संघ परिवार को यह कह रखा है कि हम गौरक्षकों की हिंसा का बयान देते रहेंगे, आप अपना काम करते रहें। प्रधान मंत्री ने इस पर बयान दिया है, लेकिन सरकार ने शायद यह सोच रखा है कि हम बयान देते रहेंगे, लेकिन तुम अपना काम करते रहो। देश सबका है, लेकिन सबसे ज्यादा जिम्मेदारी सरकार की बनती है, सरकार खुद ही देश का माहौल बिगाड़ रही है। मैं कुछ निवेदन करना चाहता हूं। बहुत सारे मित्रों ने संघ परिवार पर आरोप लगाए हैं। बिना प्रमाण के किसी पर आरोप लगाना, मैं नहीं सब लोग जानते हैं, यह उचित नहीं होता है। संघ क्या है, वह मुझे आज मजबूरी में यहां बताना पड़ रहा है, क्योंकि मैं संघ का स्वयंसेवक हूं और इसलिए आज इस सदन में यह बात रखना चाहता हूं क्योंकि गुलाम नबी आज़ाद साहब ने संघ को किन नज़रों से देखा है, मैं नहीं जानता, लेकिन उन्होंने सीधे-सीधे आरोप लगाया है। आपने संघ पर आरोप लगाया, आप संघ को जानते हैं? मेरे ख्याल से नहीं जानते हैं, आप अखबारों से पढ़कर जानते होंगे, हम लोग शाखा जाकर संघ को जाने हैं। अनेक चुनौतियों के बावजूद आज सात से आठ दशक के बाद भी गुलाम नबी साहब, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भारत के अद्वितीय स्थान पर बैठा है। आपने क्या-क्या आरोप हम पर नहीं लगाए, लेकिन उसके बाद भी हम निरंतर बढ़ रहे हैं। विभाजन के समय सीमा पर निगरानी हो, कश्मीर

[श्री प्रभात झा]

के विलय में योगदान हो, 1962 के युद्ध में सेना का योगदान हो, गोवा विलय में बने सारथी संस्कृति का रक्षक, आपातकाल का विरोध हो, संघ अपनी नीतियों से देश के विकास में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और निभाता रहेगा। यह मैं नहीं कह रहा, यह इतिहास है। जिस तरह आप गर्व से कहते हैं कि आज़ादी आपने दिलायी। हम लोग तो उस समय थे नहीं, हम तो उसके बाद पैदा हुए, हमारी गलती है नहीं, लेकिन आरएसएस ने क्या किया, यह इस देश के इतिहास में है, मैं और आगे बताता हूं। याद कीजिए 1963 का वह ऐतिहासिक गणतंत्र दिवस, जब उस समय जवाहरलाल नेहरू जी प्रधान मंत्री हुआ करते थे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन हज़ार पांच सौ कार्यकर्ता पूरे गणवेश में सज-धजकर गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुए थे और उन्होंने तिरंगे को salute दिया था। उन्हें जवाहरलाल नेहरू जी ने बुलाया था। आप किस आरएसएस की बुराई कर रहे हैं? हज़ारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने भारत के नागरिकों ने उस परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गणवेशधारियों का salute से स्वागत किया था। आज भी अधिकतर देशवासियों को यह पता नहीं है और उन्हें यह पढ़कर आश्चर्य होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को गणतंत्र दिवस की परेड में आमंत्रित करने का फैसला स्वयं पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने किया था। मैं एक और बात बताना चाहता हूं कि कहा जाता है कि पंडित नेहरू संघ कार्यकर्ताओं की राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्य निष्ठा से प्रभावित हुए और उनका सम्मान करना चाहते थे। जब यह बात गुरु जी के पास पहुंची, तो गुरु जी ने कहा, "नहीं", हमने गणतंत्र का सम्मान किया है, हम इस तरह व्यक्तिगत रूप से सम्मानित नहीं होना चाहते, आपने हमें गणतंत्र दिवस पर बुलाया, हम उसी को अपना सम्मान मानते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 31 अगस्त, 1998 को इसी सदन में कहा था और पंडित जवाहरलाल नेहरू के वाक्य को क्वोट किया था। उन्होंने कहा था, मेरे एक प्रश्न के जवाब में नेहरू जी ने कहा था कि मेरी पार्टी यानी कांग्रेस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ विचारों का विरोध तो रखती है, लेकिन जब देश संकट में हो, तो हम सबको आपस में साथ लेकर के काम करना है, इसीलिए मैंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को गणतंत्र दिवस की परेड में बुलाया था।

**कुमारी शैलजाः** यह नेहरू जी का बड़प्पन था।

**श्री प्रभात झाः** हम उसी बड़प्पन की तलाश राजनीति में कर रहे हैं। राजनीति में इस उदारता की आवश्यकता है। मैंने नेहरू जी का विरोध तो नहीं किया? नेहरू जी की उदारता ही आज भारतीय राजनीति की आवश्यकता है, जिसको लेकर हम चलने की कोशिश कर रहे हैं।

जहां तक आपने गौ-रक्षकों द्वारा हिंसा किए जाने की बात कही है, हिंसा का कोई समर्थन नहीं कर सकता, न सदन में, न सदन के बाहर। वर्तमान संघ प्रमुख मोहन भागवत जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गायों की रक्षा करते हुए, ऐसा कुछ नहीं किया जाना चाहिए, जिससे कुछ लोगों की मान्यता आहत हो, दर्द हो। ऐसा कुछ नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंसक हो, इससे सिर्फ गौ-रक्षकों के प्रयासों की बदनामी होगी। गौ-रक्षकों द्वारा गौ-रक्षा का काम कानून का सम्मान करते हुए किया जाना चाहिए। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। मैं इसलिए आहत होकर कह रहा हूं कि जिस संगठन को आप नहीं जानते हैं, उस संगठन के बारे में बिना आधार के कोई आरोप नहीं लगाना चाहिए। हमें राष्ट्रीय

स्वयंसेवक संघ पर गौरव होना चाहिए। मैं नहीं कहना चाह रहा था, लेकिन मुझे कहना पड़ रहा है कि आपने घोर विरोध किया, लेकिन जनादेश का सम्मान तो गणतंत्र में सबको करना पड़ेगा। क्या इस देश का प्रधान मंत्री आज स्वयंसेवक नहीं है? क्या उनका विरोध करेंगे? यह किस तरह की भाषा बोलते हैं? इसीलिए मैंने कहा कि आप कोई भी आरोप लगाएं, लेकिन सरकार देश का माहौल नहीं बिगाड़ रही है। भाजपा शासित राज्यों में हिंसा के विरुद्ध तुरंत कानूनी कार्यवाही की जा रही है। आप आरोप लगाइए, लेकिन आरोप का आधार क्या है? कार्रवाई नहीं हुई, यह कहना बिल्कुल गलत है। पूरी तरह से कार्रवाई हुई है। लोग जेल में हैं। विपक्ष इस मामले को साम्प्रदायिक रंग देकर भारत को विश्व के नक्शे पर बदनाम करने की कोशिश न करे, यह हमारी आपसे अपील है। भारत आपका भी है। जितना आप भारत पर गर्व करते हो, उतना ही हम करते हैं। गर्व का कोई सेंसेक्स नहीं होता, कोई पैमाना नहीं होता कि आप ज्यादा करते हैं और हम कम करते हैं। हम यह कभी नहीं कहेंगे कि जितना भारतीय होने पर गर्व हमें है, उतना ही आनंद शर्मा जी को है, उतना ही हमारे गुलाम नबी आज़ाद जी को है, उतना ही प्रो. राम गोपाल यादव जी को है। इसकी परीक्षा कोई नहीं ले सकता है।

आपने झारखंड की बात कही है। तथाकथित गौ-रक्षकों ने अपने हाथों में कुछ कानून को लिया। उस शख्स के मारे जाने के बाद अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आपने कल कह दिया कि कुछ भी नहीं होना है। हमारे गुलाम नबी आज़ाद साहब ने कह दिया कि मैं तो अध्ययन कर रहा हूं। गुलाम नबी आज़ाद साहब, आप जब कल बोल रहे थे, तो मुझे लग रहा था कि शायद अखबार की कटिंग की घटनाएं बता रहे थे, बतानी चाहिए। अगर हम यूपीए सरकार की 10 साल की घटनाएं आपको सुनाएं, तो 10 किताबें दो-दो सौ पेज की बन जाएंगी। सरकार को इन घटनाओं को रोकने का प्रयत्न करना चाहिए, लेकिन समाज को भी जागरूक करना चाहिए। दूसरी बात यह है कि सरकार तब गफलत में होती है, जब सरकार कार्रवाई नहीं करे। सरकार डंके की चोट पर कार्रवाई कर रही है। हम चाहे 17 राज्यों में हों, चाहे एक राज्य में हों, हम जब सदन में दो थे, तब भी हमने धैर्य नहीं खोया। धैर्य हमारा धर्म है। दुर्भाग्य है कि आज आप धैर्य खो रहे हैं और चाहे जो आरोप लगा रहे हैं।

आपने उत्तर प्रदेश की बात कही है। वहां पर गुंडागर्दी रोकने के लिए क्या नहीं किया जा रहा है? बिगड़े हुए माहौल को संवारने में वक्त लगता है। आप हमारी नीयत पर शंका मत करिए। हम कभी किसी को एक चांटा भी नहीं मारते। और कोई भी mob lynching करता है, तो वह गुनाह करता है। यह बात हमारे मंत्री नक़वी जी ने कल बतायी थी। राजस्थान, हरियाणा के बारे में तमाम सारी बातें आपने कहीं। ...(**व्यवधान**)... गुलाम नबी आज़ाद साहब कल आप हिमाचल प्रदेश की बात भी करते, कर्णाटक की बात करते। मुझे लगा कि वहां तो कुछ होता ही नहीं है। मैं जानना चाहता हूं कि आज शिमला में क्या हुआ? क्या मैं उसके लिए वीरभद्र जी को जिम्मेदार बताऊंगा? ऐसा नहीं होता है। कोई भी सरकार अपने शासन में हत्या, बलात्कार और दूसरे अपराधों की निंदा करती है, mob lynching की निंदा करती है। महोदय, गलती तब होती है, जब सरकार कार्यवाही नहीं करती है। आज मैं कहूं, कर्णाटक में क्या नहीं हुआ? आप झंडा बदलने की बात पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। क्या आप उस कर्णाटक राज्य की प्रशंसा करेंगे? आप बोलिए कि झंडा नहीं बदला जाएगा। भारत एक राष्ट्र है और रहेगा, कोई माई का लाल इसे दो झंडों से नहीं जोड़ सकता, लेकिन यह आपने नहीं कहा। Indian

[श्री प्रभात झा]

Spin की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2017 में गाय संबंधित हिंसा की मात्र 10 घटनाएं हुई हैं। यह एक सर्वे है। हरियाणा में 9, गुजरात में 6, कर्णाटक में 6, मध्य प्रदेश में 4, दिल्ली में 4 और राजस्थान में 4 घटनाएं हुई हैं। देश के दक्षिण और पूर्वी राज्यों में भी कुछ घटनाएं हुई हैं। उत्तर पूर्व में एक मात्र घटना हुई है। आप संघ, भाजपा का नाम लेकर कब तक राजनीति करेंगे?

कपिल सिब्बल साहब चले गए हैं। उन्होंने सैनिक की बात कही थी कि सरहद पर जाकर लड़ो। आप सरहद पर लड़ने वालों का कितना सम्मान करते हैं? आपकी ही पार्टी के एक पूर्व सांसद ने जो बात कही, वह मैं आपको सुनाना चाहता हूं। वे आपकी पार्टी के पूर्व सांसद हैं। उन्होंने Army Chief के बारे में क्या कहा? पाकिस्तान ऊल-जलूल हरकतें और बयानबाजी करता है, खराब तब लगता है जब हमारे थल सेनाध्यक्ष सड़क के गुण्डे की तरह बयान देते हैं और पाकिस्तान ऐसा करता है, तो इस में कोई हैरान करने वाली बात नहीं है। गुलाब नबी आज़ाद साहब, काश आप इसे condemn करते और कहते कि मेरी पार्टी ...(**व्यवधान**)...

**गुलाम नबी आज़ादः** राहुल जी ने strongly condemn किया है। हमारी पार्टी के मुखिया ने बहुत strongly, openly, media में, सब चैनलों पर condemn किया है।

† **قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد) :** راہل جی نے strongly condemn کیا ہے۔ ہماری پارٹی کے مکھیہ نے بہت strongly, openly, media میں، سب چینلوں پر condemn کیا ہے۔

**श्री प्रभात झाः** मैं उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, लेकिन आपके पूर्व सांसद ने यह बात कही। ...(**व्यवधान**)... महोदय, वामपंथी श्री सीताराम येचुरी जी कल संघ और क्या-क्या नहीं बोल रहे थे। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी को गौ-रक्षकों द्वारा हिंसा के राज्यों में जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। अब मुझे आश्चर्य लगता है, आजकल हमारे विपक्षी लोग हिंदुस्तान, नवभारत टाइम्स नहीं पढ़ते हैं। हमारे डी. राजा जी Newyork Times, Washington Post पढ़ते हैं। हमारी सरकार क्या आ गयी आप विदेशी अखबार पढ़ने लगे। ...(**व्यवधान**)... आप देश की जमीन की सच्चाई जानिए। देश की जमीन की सच्चाई यह है कि ये आरोप लगाने के बाद भी महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी जीती, हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी जीती, झारखंड में भारतीय जनता पार्टी जीती, गोवा में भारतीय जनता पार्टी जीती, असम में भारतीय जनता पार्टी जीती, गोवा में भारतीय जनता पार्टी जीती, मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी जीती, उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जीती। ...(**व्यवधान**)... अब मैं आपको बहुत साफ शब्दों में बताना चाहता हूं कि ...(**व्यवधान**)... कर्णाटक, हिमाचल और गुजरात में भी भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। ...(**व्यवधान**)...

मैं वामपंथी पार्टी के सीताराम येचुरी जी को आईना दिखाना चाहता हूं। महोदय, कौन भूल सकता है, 31 जुलाई, 1993 की वह घटना, जब बंगाल की वामपंथी सरकार ने विरोध प्रदर्शन कर रहे

†Transliteration in Urdu script.

Youth Congress के कार्यकर्ताओं पर खुलेआम गोलियां चलायी थीं, जिस में 23 लोग मारे गए थे। इस मामले की जांच कर रहे पूर्व न्यायाधीश श्री सुशांत चट्टोपाध्याय ने इस बर्बर घटना पर कहा था कि जलियांवाला बाग नरसंहार से भी बदतर बंगाल में यह घटना हुई है। क्या बात करेंगे सीताराम येचुरी जी? आप जहां कुछ बचे हैं, वहां भी साफ हो जाएंगे। अगर ये हरकतें रहीं तो, इसलिए बोलते समय वाह-वाही लूटने के लिए नहीं बोलना चाहिए। गुलाम नबी जी, ये कांग्रेस के लोग मारे गए। जब व्यक्ति मरता है, तो वह न कांग्रेस का होता है, न बीजेपी का होता है और न विपक्षी होता है, वह इंसान होता है और मानवता के पुजारी के नाते हम सब लोग सदन में मानवता पर आहत करने वाली हर बात का विरोध करते हैं। गत 50 वर्षों में केरल में क्या हो रहा है? गुलाम नबी जी, अच्छा होता आप इस पर बोलते। केरल में mob lynching करके भाजपा और संघ के 267 कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या की गई है। इसका कौन जवाब देगा? ...(**व्यवधान**)... वहां पर किसकी सरकार है, हम जानना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)... इसके लिए कौन responsible है? ...(**व्यवधान**)... डी. राजा जी ने कहा ...(**व्यवधान**)...

SHRI T.K. RANGARAJAN: You are responsible. *...(Interruptions)...* You are responsible for Kerala. *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झाः** मैं बताता हूं। ...(**व्यवधान**)... आप सच नहीं सुनेंगे। ...(**व्यवधान**)...

SHRI T.K. RANGARAJAN: He has thrown a bomb in my office. *...(Interruptions)....* Please get them arrested. *...(Interruptions)...* He has thrown a bomb in my office. *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: आप लोग बैठ जांए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झाः** हम mob lynching के लिए जिम्मेदार ...(**व्यवधान**)... और जो ये कार्यकर्ता मारे जा रहे हैं, इसके लिए आप जिम्मेदार। ...(**व्यवधान**)... आप ही जिम्मेदार हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: प्रभात जी ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभत झाः** आपकी सरकार जिम्मेदार है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: प्रभात जी, आप चेयर को address कीजिए। ...(**व्यवधान**)... सब लोग बैठ जाइए।

**श्री प्रभात झाः** इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश की बात आई। जब वहां पर * की सरकार थी, तो साम्प्रदायिक हिंसा की 247 घटनाएं हुईं। उत्तर प्रदेश 2013 के दंगों के सिलसिले में भारत में नम्बर एक पर था। आप हम पर किस मुंह से आरोप लगा रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

**श्री जावेद अली खानः** आप जो यह 253 का आंकड़ा बता रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

*Expunged as ordered by the Chair.

[श्री जावेद अली खान]

† **جناب جاوید علی خان :** آپ جو یہ 253 کا آنکڑا بتا رہے ہیں —(مداخلت)—

**श्री प्रभात झा:** ये आंकड़े सब सरकारी हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया):** कार्रवाई में सदस्य के बोलने के अलावा किसी और की बात नहीं जाएगी। किसी भी सदस्य की बात को कार्रवाई में शामिल नहीं करना है। ...(**व्यवधान**)... Prabhat*ji*, address the Chair. ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रभात झा:** मेरी बात सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... जो किया है ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Prabhat*ji*, address the Chair. ...*(Interruptions)*...

**श्री प्रभात झा:** 2014 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार * सरकार ने विधान सभा में जवाब दिया कि साम्प्रदायिक हिंसा में 77 लोगों की जान गई। मैं यह जानना चाहता हूं कि इसका जवाब कौन देगा? आप इसका कोई जवाब नहीं देंगे। आप हम से 100 दिन का हिसाब मांग रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में 100 हुए नहीं, आप हिसाब मांगने लगे। पिछले दिनों की सहारनपुर हिंसा की सब लोग बात कर रहे हैं। मैं बताना चाहता हूं। सहारनपुर जिले में 2017 को डा. भीमराव अम्बेडकर की शोभा यात्रा निकालने में हिंसा की जो घटना हुई, इस हिंसा ने कुछ ही देर में साम्प्रदायिक रूप ले लिया। इसमें दलित, मुसलमान आमने-सामने आए, आगजनी हुई, लेकिन सरकार ने तत्काल cognizance लिया। जो अपराधी हैं, उनको जेल में डाला है और उन पर मुकदमा चला रहे हैं। सरकार यही करती है। सरकार इससे ज्यादा नहीं कर सकती है। ममता बहन की पार्टी के लोग चले गए हैं।

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया):** आप कितना समय और लेंगे?

**श्री प्रभात झा:** सर, मैं सिर्फ दो मिनट और लूंगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री वीर सिंह** (उत्तर प्रदेश): सर, ये क्या कह रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया):** आप लोग बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... उनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... व्यवधान मत कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झा:** 2014 के लोक सभा चुनाव में ...(**व्यवधान**)... पश्चिमी बंगाल में 50 से अधिक लोगों की राजनीतिक हत्या हुई। ...(**व्यवधान**)... आप कहां थे, मैं इसका जवाब चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)... क्या यह mob lynching नहीं थी? ...(**व्यवधान**)... क्या ये हत्या होनी चाहिए थीं? ...(**व्यवधान**)... आप इसका जवाब नहीं देंगे। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया):** आप लोग बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री वीर सिंह:** आप लोगों ने दंगे कराए। ...(**व्यवधान**)...

†Transliteration in Urdu script.

*Expunged as ordered by the Chair.

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा** : पूरा देश इसका जवाब देगा।...(**व्यवधान**)... आप क्या बोलते हैं? ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)** : बैठ जाइए, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा** : आप RSS की बात करते हैं ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)** : बैठ जाइए, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... आपको भी मौका मिलेगा। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा** : कौन दंगा कराता है?

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)** : आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... बैठ जाइए..

**डा. चन्द्रपाल सिंह यादव** (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)** : आप नीचे बैठिए। ...(**व्यवधान**)... मुझे याद दिलाना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झा** : हम सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री वीर सिंह** : उपसभाध्यक्ष जी ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)** : जब आपकी बारी आएगी, तब बोलिएगा। ...(**व्यवधान**)... बैठिए, बैठिए ...(**व्यवधान**)... जया जी, बैठिए ...(**व्यवधान**)... आपने पूरा मौका ले लिया ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती जया बच्चन**: उपसभाध्यक्ष जी ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: जब आपका मौका आएगा, तब बोलिएगा, अभी नीचे बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री वीर सिंह**: वहाँ क्या हो रहा है? ...(**व्यवधान**)...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्रा**: * ...(व्यवधान)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। ...(**व्यवधान**)... यहाँ सीखने, सिखाने की नहीं, बोलने की बात हो रही है। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री वीर सिंह**: *

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: मैं खड़ा हूं। ...(**व्यवधान**)... आप नीचे बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... पीछे भी बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रामदास अठावले**: मायावती जी तीन बार मुख्य मंत्री बनी थीं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: श्री रामदास अठावले जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... प्रभात जी, आप दो लाइनों में conclude कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झा**: मैं दो लाइनों में समाप्त कर रहा हूं। हम सब लोगों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

---

*Not recorded.

**श्री सतीश चन्द्र मिश्राः** आप अपनी जिम्मेदारी का अहसास कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: कुछ रिकॉर्ड में नहीं जाएगा, केवल प्रभात झा जी जो बोल रहे हैं, वह रिकॉर्ड में जाएगा। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्राः** *

**श्री प्रभात झाः** गलत बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप जो बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)... गलत बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्राः** *

**श्री प्रभात झाः** मिश्रा जी, आपसे यह उम्मीद नहीं है। ...(**व्यवधान**)... सदन में गलतबयानी का आरोप है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्राः** *

**श्री प्रभात झाः** मैं अपनी आखिरी बात कह रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... मैं आप सबसे निवेदन करता हूं कि हमें अपने-अपने बयानों पर अडिग रहना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... ऐसा बयान किसी को नहीं देना है। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती जया बच्चनः** *

**श्री प्रभात झाः** जया जी, एक मिनट, मैं फिर कहूंगा, आप फिर गुस्सा हो जाओगी। ** ने क्या कहा था, मैं वह सदन को बताना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: प्रभात जी, आप मेरी तरफ देखिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झाः** क्या यह उनको बोलना चाहिए? हिम्मत है तो, बीफ़ बेचने वालों, होटलों को बाबरी की तरह तोड़ दो। यह कौन-सी भाषा है, मैं समझना चाहता हूं। ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए, न मुझे, न किसी को, जिससे देश की एकता और अखंडता को आघात पहुंचे। ...(**व्यवधान**)...

**श्री आनन्द शर्माः** उपसभाध्यक्ष जी, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: व्यवस्था हो रही है।

**श्री आनन्द शर्माः** यह व्यवस्था का प्रश्न है। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Under which rule? नहीं-अभी इनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झाः** उपसभाध्यक्ष जी, काहे की व्यवस्था? ...(**व्यवधान**)...

**श्री आनन्द शर्माः** नहीं, आपको सुनना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)... व्यवस्था का प्रश्न है। Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

*Not recorded.
*Expunged as ordered by the Chair.

**4.00 P.M.**

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: आप कौन-से नियम के अंतर्गत व्यवस्था चाहते हैं? ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झा**: इन्होंने कहा ...(**व्यवधान**)... मॉब लिंचिंग का जो आरोप है। ...(**व्यवधान**)... नरेन्द्र मोदी जी की सरकार 125 करोड़ लोगों की ...(**व्यवधान**)... जय हिन्द। ...(**व्यवधान**)...

**श्री आनन्द शर्मा**: जो व्यक्ति जो सदन में नहीं है, आप उसका नाम नहीं ले सकते। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: जो इररेलेवेन्ट है, वह हटा दिया जाएगा।

**डा. चन्द्रपाल सिंह यादव**: *

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: उनका नाम रिकॉर्ड से निकाला जाएगा। ...(**व्यवधान**)... वह व्यक्ति नहीं है ...(**व्यवधान**)... तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... राजीव चन्द्रशेखर ...(**व्यवधान**)... उसको देखा जाएगा और उस पर जरूर कार्यवाही की जाएगी। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... देखिए, प्रभात जी का खत्म हो गया है, राजीव चन्द्रशेखर जी बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप अपनी सीट पर जाइए। ...(**व्यवधान**)... Please sit down.

**श्री आनन्द शर्मा**: व्यवस्था का प्रश्न किया है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI P. BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, he cannot take the names. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: वह रिकॉर्ड से निकाल दिया जाएगा। वह रिकॉर्ड में देखा जाएगा। ...(**व्यवधान**)... रिकॉर्ड देखकर, यदि नहीं है तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। ...(**व्यवधान**)... आप जाइए। ...(**व्यवधान**)... उसको नियम के अनुसार निकाला जाएगा, आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)... वह देखा जाएगा ...(**व्यवधान**)... उस पर जरूरी कार्यवाही की जाएगी, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... सभी अच्छे लोग अच्छा-अच्छा बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... बीच में व्यवधान पैदा करना किसी के लिए भी समाधान का कारक नहीं है। श्री राजीव जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI RAJEEV CHANDRASEKHAR (Karnataka): Sir, I thank you for allowing me to speak in this discussion.

Sir, let me first of all reiterate what some of my colleagues in this House have already said — the idea and ethos of India is that it is a multi-cultural and multi-religious nation. We are also a nation that. ...*(Interruptions)*...

**प्रो. राम गोपाल यादव**: सर, उन्होंने जो नाम लिया है, उसे कार्यवाही से निकाला जाए।

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: मैंने यह कह दिया है कि जो रिलेवेंट नहीं है, उसको रिकॉर्ड से निकाला जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

*Not recorded.

**श्री नरेश अग्रवालः** सर, चेयरमैन साहब की रूलिंग है कि जो सदन का सदस्य नहीं है, उसका नाम नहीं लिया जा सकता। आपने * का नाम लिया, * का नाम लिया। यह कैसे लिया जा सकता है?

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: उसका संदर्भ देखकर कार्रवाई होगी।

**श्री नरेश अग्रवालः** संदर्भ नहीं, नाम नहीं ले सकते। This is the ruling of the Chair. ...**(व्यवधान)**... आप रूलिंग थोड़े ही रूल आउट कर देंगे?

**श्रीमती जया बच्चनः** दो बार, तीन बार नाम लिया है। ...**(व्यवधान)**... How can his name be taken? *...(Interruptions)...* दो बार, तीन बार नाम लिया है। ...**(व्यवधान)**...

**श्री नरेश अग्रवालः** आप रूलिंग पढ़ लीजिए। इसी चेयर की रूलिंग है।

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: ठीक है, निकालने की कार्रवाई की जाएगी।

**श्री नरेश अग्रवालः** कार्रवाई की जाएगी?

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: जी, इस पर कार्यवाही की जाएगी।

**श्री राजीव चन्द्रशेखरः** सर, मेरा टाइम जरा रीसेट कर दीजिए।

**उपसभाध्यक्ष (डा. सत्यनारायण जटिया)**: मैं आपकी बात समझ रहा हूँ। आप अपनी बोलिए और चेयर को एड्रेस करके बोलिए।

SHRI RAJEEV CHANDRASEKHAR: Sir, we are a nation that prescribes fundamental rights to all its citizens under a written Constitution and where there is rule of law that governs the conduct of each one of our citizens.

So, let us, as a House, be very loud and clear that use of violence to settle any dispute is wrong. The right to movement, liberty and life are fundamental and are guaranteed under Article 21 of the Constitution. Using violence to take lives is wrong even when it is about sensitive issues like protecting cows. So, Sir, our Prime Minister and our Government are absolutely right in condemning it and ask State Governments and the Police to ensure that law is enforced and prosecution is robust when laws are broken.

Sir, I wish to make three broad points. Let me start by doing some plain-speaking. The Constitution provides explicit protection and prohibition against cow slaughter under Article 48 except for a few exempt States. There is a need to do some plain-speaking. The sensitivities of the Hindu community are as important as the sensitivities of the Muslim, Sikh, Christian, Parsi and all other communities in the country. I am sure all my colleagues would accept that basic principle.

So, if a large majority of Hindus in some parts of our country have strong views about the treatment of cows, there is no escaping the fact that those views have to be addressed and debated, and not just trifled with, or dismissed as inconvenient to some. That is the nature of our democracy. So, when members of the Congress, or some in the

*Expunged as ordered by the Chair.

Left, slaughter a cow on the streets of Kerala, or have beef *melas,* then, let us be clear that this is a grave provocation to a community that considers this as a sensitive issue. Sir, I am only doing some plain-speaking and I do think this needs to be said.

Sir, the second issue is that of this prevailing double standards and hypocrisy that some in politics practice towards the issue of life and liberty. As I have already said, this is clearly wrong. Lynching needs to be punished under law, but violent crimes should not have double standards, like my colleague, the Minister for HRD said.

Take my esteemed colleagues from the Left. They have made it almost a practice to speak about 'intolerance', almost trade-marking this phrase and practising this with a high degree of sophisticated hypocrisy. I would explain why. I heard with rapt attention to my colleague, Shri Sitaram Yechury. His eloquence is unmatched. He referred to *Mein Kampf,* Swami Vivekananda and Shakespeare. Sir, I am only a Kendriya Vidyalaya student and I studied Computer Science and Electrical Engineering. So, I can't compete at that level of literature, but I can, for the benefit of all us in this House, repeat some of the phrases that he used. He used expressions like 'cult of violence', 'pandering to the Hindu right', 'antithetical to the constitutional values', 'different human images merging into one', 'what did Mother India teach', and so on. I have no dispute with him on his commitment to constitutional values and the law. That is to be welcomed. All of us welcome it.

But he must answer one question, Sir. Why is it that his followers and his Party followers are strangely silent when scores of political workers and their innocent family members are hacked to death in Kunnur, Kerala?

SHRI T.K. RANGARAJAN: No, no. It is wrong. It is wrong. You are misrepresenting the facts.

SHRI RAJEEV CHANDRASEKHAR: You say that to the Chairman. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Mr. T.K. Rangarajan, please don't interrupt. Sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI RAJEEV CHANDRASEKHAR: In Kerala, Sir, in the last 14 months since the Left Government came to power, there have been 15 killings of political workers. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI RAJEEV CHANDRASEKHAR: In Karnataka, Sir, in 2015, during the regime of the Congress Government, 25 BJP workers have been hacked to death. There is a

[Shri Rajeev Chandrasekhar]

deafening silence, Sir, when vicious violence is perpetrated on a woman actress in Kerala, abducted in broad daylight and molested, till the media raises a furore. Not a word, not an interview, no wisdom, no pontification. Is this not a cult of violence in Kerala? Is this not antithetical to constitutional values? Is this not intimidating and murdering of political opponents closer to *Mein Kampf* concept of merging into one human image? Isn't this stand a hypocrisy signalling that some violent crimes are okay, and some are not? So, Sir, let us stop this charade of double standards; let us stop this hypocrisy. Let us agree today that all violence and crimes should be treated as that–the violent crime. Not through the selective prism of political expediency or rhetoric; all crime and criminals must be tested only through law and the Constitution. Sir, let me just quickly end the third point. Let us focus where the problem is. There is a need to modernize and depoliticize our police. The police has, over the last 5-6 decades, in almost all States, been hopelessly corroded, politicized and corrupted. Instead of being public servants, police forces, including the most dedicated of them, are being forced to toe political lines and political ideologies, rather than safeguarding the right to safety of the citizen. Only over the last few days, we have seen the shameful sight of a Chief Minister of my State shunting out a lady officer, DIG, for outing corruption in the Bengaluru Jail system. This is on the back of multiple suicides of officers, both in police and bureaucracy in Karnataka. In Kerala, the Left was silent when an honest bureaucat who was trying to enforce environmental laws, was first intimidated by the Government, and then, transferred out, when he tried to take on the vested interests encroaching the eco-sensitive zones and forests of Munnar.

Sir, let me finish by saying, if you corrode, corrupt and intimidate the police and bureaucracy like this, how can they discharge their duty of safety of the common citizens? They cannot. So, I humbly submit, Sir, let us brush aside this selective outrage that reeks of double standards, and be outraged at every crime of violence that is committed by right or left. I will just finish. ...*(Interruptions)*... I am not yielding. Let me finish. That is the only guarantor of our plurality and multi-cultural nation, and ensure the respect that is due to all faiths and religions that is guaranteed under our Constitution. Jai Hind.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA): Shri T.K.S. Elangovan. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, he has talked of double standards; he has referred to the State of Karnataka; he has referred to the postings of the officials. He must also understand the meaning of the word 'double standard.' If there was any double standard, and if you are speaking against that, then, what about his own double standards? Have you commented about how many officers have been punished and transferred by the

Government of India for doing honest work? Have you questioned Yogi Aditya Nath for removing an honest lady police officer, SSP, from Gorakhpur, Saharanpur? You are talking of double standards here! Double standards cannot be selectively applied. ...*(Interruptions)*...

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair)*

He was very happily talking about double standards ...*(Interruptions)*... We are not accepting it. I am not going to take this in a derogatory manner. ...*(Interruptions)*... It will be challenged and contested by us.

SHRI K.K. RAGESH: Sir, ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your name is in the list. You can reply when your turn comes. ...*(Interruptions)*... Mr. Ragesh, when I call you, you can reply. Please sit down now; I will allow you to speak.

SHRI RAJEEV CHANDRASEKHAR: Sir, the hon. Member, Mr. Anand Sharma. ...*(Interruptions)*... He wants me to respond to him, Sir. ...*(Interruptions)*... He seems to have not understood what I meant by ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over, please sit down. Don't worry about that. Now, Mr. T.K.S. Elangovan, please.

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, the discussion here is about mob lynching. I looked into the Webster's dictionary, and the meaning of the phrase 'mob lynching' is to put to death by mob action without legal approval or permission. The other meaning is, it is an extra-judicial punishment by an informal group. It is like a group of lions chasing a deer and killing it. In a forest, it is acceptable. But in a land of written law, it is not acceptable. Sir, this country is known for having written laws. More than 2,000 years ago, Arthashastra was written. The monarchs were following written laws and they followed the laws in the civil and criminal practices. Now, there is an institution to make laws. We are Members of that institution. But, somebody else taking away the power to make laws and killing people is the question now.

Sir, the BJP tried to dilute the issue by taking all agitations, all group clashes, all individual killings to mob lynching. They are not mob lynching. Group clashes are not mob lynching. The BJP should understand this fact. They took a list of incidents which are not mob lynching. We are speaking about mob lynching where an individual is left without any power, without any capacity to defend and was mobbed by a group of people and killed.

[Shri T.K.S. Elangovan ]

Sir, yesterday, there was a report in the newspapers. Some killers left a note to the police stating, 'This note is written with an intention of helping the police. We want to correct injustices, if it is a war that is required, then so be it.' It was signed, 'Jai Hind! Jai Bharat!' It means, it has become a motivation for even others. That is what we are talking. Gau Rakshaks, in the name of cow vigilante, in the name of love vigilante, when a group of people take law into their hands and attack an individual, that is mob lynching and not group clashes. Don't try to dilute all those things. If you try to dilute, then the main issue will go away and then the accusation made by hon. Members of this House that if you will also be the party to it, that will prove to be correct. Because these mobs, these groups have the support of some Hindutva group. That is a fact reported in the newspapers. The murderers themselves have claimed that they have the support of these people. The murderers themselves claim that they are being supported by the Hindutva groups. It is not the question of RSS or VHP. But people, who claim to be Hindus and as if the rest are not Hindus, do the killing and say that we are doing this to protect our Hindutva culture. They claim that they have the support of Hindutva group. These incidents are of mob lynching and not of any clash or any group clash or any individual fighting. Mob lynching is on the increase now in the States run by BJP. If you claim that you will gain some more States, then the mob lynching will also increase. It will be extended to those States. In Tamil Nadu a group of people tried to attack people who were taking cows to their houses. In Tamil Nadu we have never seen such a thing, but now it has started. Slowly it will start everywhere. Don't confuse mob lynching with group clashes. That is a different issue. It is happening every day everywhere whether it is in BJP-ruled States or Congress-ruled States or even DMK-ruled States. We had group clashes but that is a different issue. Mob lynching is attacking a single person by a group of people with an intention to promote a religious cause. That is wrong. So, I have only one question, I don't want to go into this because everybody has spoken. The NITI Aayog here in India has recommended that many public sector industries should be privatized. My one question to the Government is whether the NITI Aayog has also recommended that policing should also be privatized. That is my one question to which you have to respond. With these words, I thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you very much. Now Kumari Selja. We have 7-8 speakers. Therefore, I am requesting each Member to limit to five minutes.

**कुमारी शैलजाः** महोदय, मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय देने के लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

महोदय, हम सभी लोग अपने देश की संस्कृति पर बहुत गर्व करते हैं। हम हमेशा बोलते हैं कि हमारी 5 हजार साल पुरानी संस्कृति है। हमारी बहुत पुरानी सभ्यता है। यह देश वेदों, पुराणों और उपनिषदों का देश है। यह सूफ़ी और संतों का देश है। यह बाबा साहेब अम्बेडकर और महात्मा गांधी का देश है। इसलिए आज हर भारतीय को दुख होता है और ठेस पहुंचती है, जब हमारे देश के साथ लिंचिस्तान का नाम जोड़ा जाता है। आज हमारा देश लिंचिस्तान के नाम से भी जाना जा रहा है। यह कोई गर्व की बात नहीं है। इससे हर हिन्दुस्तानी को, हर भारतीय को शर्मसार होना चाहिए। इसमें कोई धर्म, मज़हब और जात-पात की बात नहीं है। जब इस तरह की atrocities होती हैं, फिर चाहे वे दलितों पर हों या अक़ल्लियतों पर, तो उनसे सभी को शर्मसार होना चाहिए।

महोदय, यह कोई आंकड़ों की बात नहीं है कि किस की हुकूमत में कितना कुछ हुआ। हम मानते हैं कि ऐसा पहले भी हुआ, लेकिन जो आज बदलाव हमें देखने को मिल रहा है, यह उस बदलाव की बात है। आज देश में चारों ओर भय और दहशत का वातावरण फैला हुआ है। यह क्यों हुआ है, यह फर्क है, पहले में और आज में। देश में भय का वातावरण एक विचारधारा के तहत पैदा किया गया है। आज वह विचारधारा चारों ओर फैलाई जा रही है। बात केवल गौ-हत्या, गौ-रक्षा और दलितों पर अत्याचार की नहीं है। ये वारदातें रोज़-रोज़ होती हैं। आपने अपनी हुकूमत में दलितों के लिए क्या किया है? हमारे समय श्री जाधव जी थे, जो आज राष्ट्रपति जी द्वारा नामित सदस्य हैं। उन्होंने गाइडलाइन दी थी, जिसके अनुसार हमने वर्ष 2010 एससी सब-प्लान शुरू किया था। इसके मुताबिक 4.63 budgetary allocation SC Sub-Plan के लिए था। आपने तो SC Sub-Plan खत्म ही कर दिया, बिल्कुल खत्म कर दिया। हम उसे नया प्रारूप देना चाह रहे थे, ज्यादा बजट देना चाह रहे थे, लेकिन आपने खत्म ही कर दिया। उसका नतीजा यह है कि आज SC schemes के लिए 4.6 के बजाय केवल 2.5 budgetary allocation रह गया है। यह है आपका काम।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री तिरुची शिवा)** *पीठासीन हुए]*

Venture Capital Fund की बात करते हैं। आपको 2014-15 में केवल दो beneficiaries मिले और इस पिछले साल में केवल 24 beneficiaries मिले। यह आपका Venture Capital Fund है। Backlog की बात करें, तो 2013 में हमनें 92,000 पद भरे थे और 2015 में कितने भरे गये हैं– 8,436. अभी भी 28,000 पदों का backlog है। आप कृपया इसके लिए कुछ करिए। Pre-matric Scholarship SC students के लिए, दलितों के लिए, दलित बच्चों के लिए है। 2013-14 में उसका प्रावधान 842 करोड़ रुपए था और 2017-18 में कितना प्रावधान है – 50 करोड़ रुपए। आपने दलितों के बजट में 94 प्रतिशत कटौती की है और आप दलितों की बात करते हैं? आपका केवल tokenism है। आपके सारे वादे खोखले हैं। आप कोई दलित हितैषी नहीं हैं। NCRB के मुताबिक 2012 में दलितों के खिलाफ 33,655 केसेज़ थे और आपके राज में 47,000 से ऊपर केसेज़ हुए हैं। हर 9 मिनट पर देश के किसी न किसी कोने में कहीं न कहीं दलितों पर अत्याचार हो रहा है। मैं अपने राज्य की बात करूँ। मैं यह नहीं कहती कि पहले नहीं हुआ, हुआ, लेकिन अब आपकी सरकार, जो बहुत बड़ी हितैषी बनती है, उसकी बातें आप देख लीजिए। अभी हाल ही में, सोनीपत में एक लड़की का बहुत बुरी तरह से जो रेप और brutal murder हुआ, वह निर्भया कांड से कहीं कम नहीं था। दूसरे राज्यों में, चाहे आप राजस्थान लें,

[कुमारी शैलजा]

यूपी लें या मध्य प्रदेश लें, कितने दलितों के खिलाफ अत्याचार हो रहे हैं? सहारनपुर में अभी हाल ही में जो घटना घटी, वह आप सब जानते हैं। केवल यह कहना कि हमने इतने लोग पकड़ लिये, उससे बात कभी नहीं बनती। कैसा वातावरण आपने पैदा किया है, असली बात वह है।

कल अंसारी साहब ने बात की थी कि sewerage में, manhole में सफाईकर्मी सफाई करने के लिए नीचे गये और वहाँ वे मारे गये। हम manual scavenging के खिलाफ एक कानून लेकर आये थे और यह एक अपराध है। इस अपराध के तहत आपने कितने लोगों को बुक किया? आपके इतने समय में, तीन साल के अरसे में, ऐसी जो इतनी बड़ी-बड़ी घटनाएँ हुई हैं, तो वे सबसे गरीब लोग, हमारे दलित भाई, जो manual scavenging करते हैं, manhole में जाकर कार्य करते हैं, उनकी जब मौत होती है तो कोई outcry नहीं होता, कोई उस तरह की बात नहीं करता, कोई दुख प्रकट नहीं करता, कुछ लाख रुपये दे दिये जाते हैं। क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है, जो उनसे ऐसा काम कराते हैं?

गुजरात के उना की बात करें, वहाँ हम गये। हमने खुद जाकर देखा। हमारे बहुत से साथी वहाँ गये। जिस बेरहमी से वहाँ दलितों को मारा गया, वे क्या करने गये थे? वे मरी हुई गाय उठाने गये थे, क्योंकि हमें कहा जाता है कि यह कार्य आपका है। सदियों से हम यह कार्य करते आ रहे हैं। जगह-जगह मरे हुए पशुओं को उठाना हमारा काम है, क्योंकि वह व्यवसाय हमें दिया गया है। यह एक सिस्टम बना है, जिसके तहत हमें हमारा काम बताया जाता है कि यह कार्य केवल आप करेंगे। आज के दिन भी देश में 8 लाख लोग ऐसे हैं, जो चमड़ा उतारते हैं। ये लोग आज के दिन भी इन मरे हुए पशुओं का चमड़ा उतारते हैं। अब यह तो बात नहीं हो सकती कि चित भी मेरी और पट भी मेरी कि आप मरे हुए जानवरों को उठाओ, लेकिन अगर आप उठाओगे, तो हम आपकी बेरहमी से पिटाई करेंगे, आपकी हत्या करेंगे, क्योंकि आपने गाय को छुआ। ये दोनों तरफ की बातें तो चल ही नहीं सकती हैं न, सर ...(**समय की घंटी**)...

**श्री गुलाम नबी आज़ाद**: सर, अभी तो इन्होंने शुरू किया है। ...(**व्यवधान**)...

†سر ابھی تو انہوں نے شروع کیا ہے ---(مداخلت)---

Sir, she is from the same community and she knew the pain of the community.

**कुमारी शैलजा**: सर, मैं बताना चाहूंगी, शायद यह कुछ लोगों को मालूम न हो कि आज के दिन भी देश के कुछ हिस्सों में इन्हीं मृत जानवरों का मांस हमारे लोग खाते हैं। अब उन्हें आप क्या कहेंगे? क्या आप उन्हें बीफ ईटर कहेंगे? उनको आज के दिन भी मरे हुए जानवरों का मांस खाना पड़ता है। उन्हें जबरन खाना पड़ता है, तभी वे गुजारा करते हैं। गरीबी के कारण उन्हें यह खाना पड़ता है।

सर, यही नहीं, आपने तो हर अल्पसंख्यक को बीफ खाने वाला, गौ मांस खाने वाला घोषित कर दिया है। आपने आज देश में ऐसा वातावरण, ऐसा नफरत का वातावरण फैला रखा है। यह आपकी

†Transliteration in Urdu script.

विचारधारा ने फैला रखा है। आप भाई को भाई से नफरत करवा रहे हैं, भाई को भाई से मरवाते हैं। Mob lynching यह नहीं है कि आपने कितने लोगों को पकड़ा। आपने बहुत अच्छे-अच्छे सवालों के जवाब दिए। मंत्री जी ने खड़े होकर बताया कि इतने लोग या 8 लोग पकड़े गए, वहां पर इतने लोग पकड़े गए, उनको सजा, यह, वह... बात वह नहीं है, बल्कि बात यह है कि यह हो क्यों रहा है? पिछले तीन साल में यह वातावरण क्यों पैदा हुआ? इस सोच के कारण, इस वातावरण के कारण आज जगह-जगह पर लिंचिंग हो रही है, mob lynching हो रही है, क्योंकि कहीं न कहीं उन्हें इस बात का डर नहीं है। उन्हें इस बात का विश्वास है कि उनको कहीं न कहीं संरक्षण है। चार लोग पकड़े जाएंगे, एक मॉब में आप कितने लोगों को पकड़ेंगे? क्या आप पूरी ट्रेन को पकड़ेंगे या पूरे कोच को पकड़ेंगे? अगर आप पकड़ेंगे, तो बाकी लोग खड़े हो जाएंगे कि आपने हमारे इस आदमी को क्यों पकड़ा? This kind of 'mob mentality' is prevalent today. यह आप लोगों के कारण हुई है। आपने लोगों को गौ रक्षा के नाम पर सरेआम घूमने का लाइसेंस दे रखा है। इसका क्या मतलब है? क्या तीन साल में हमारी गौ माता ऐसी हो गई? गौ रक्षा का क्या मतलब है? क्या इसका यह मतलब है कि मरी हुई गाय को जो उठा कर ले जा रहा है या जो गाय खरीद कर ले जा रहा है, उससे भी गौ रक्षा? यह कैसी गौ रक्षा है? लोग दूध के लिए गाय खरीद कर ले जाते हैं तथा अन्य किसी कार्य के लिए ले जाते हैं, तो उनसे भी गौ रक्षा? यह कैसी गौ रक्षा है? आप उन गायों की रक्षा नहीं करते हैं, जो जगह-जगह मर रही हैं। क्यों नहीं हमारे सारे भाई, ये गौ प्रेमी, उस तरफ जो बैठे हैं, उनकी रक्षा करते हैं? आपने कितनी गायें रखी हैं? आपने कितनी गायें अडॉप्ट की हैं? जो गायें ऐसे ही घूम रही हैं, आवारा घूम रही हैं, उनके साथ जो बर्ताव हो रहा है, ऐसी कितनी गायों को आप अपने घर लेकर आए हैं? आप कितनी गायों को चारा देते हैं? जहां तक गौशाला की बात है, उस संबंध में मैं राजस्थान और हरियाणा की बात बताना चाहती हूँ। राजस्थान में क्या हुआ? वहां पर गौशाला में सैकड़ों गाएं मरी हैं, जो गौशाला सरकार चलाती है, उनमें गायें मर रही हैं, उनको चारा नहीं दिया जा रहा है। गाय का चारा, जो खुद खा जाते हैं, उन पर क्या कार्रवाई होती है? वे देशभक्त नहीं हैं, वे गाय भक्त नहीं हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ये सारे कार्य, यह एक सोच, mob mentality जो है ...(**समय की घंटी**)... I will finish in just two minutes. झारखंड में जो हुआ, यूपी में हुआ, महाराष्ट्र में हुआ, पहलू खान का जो किस्सा है, हरियाणा में जुनैद के साथ जो हुआ और सर, मैं बहुत शर्म के साथ कह रही हूँ, मुझे बताते हुए बहुत शर्म आती है कि अभी पिछले दिनों मेरे अपने शहर हिसार में ऐसा हुआ। मॉब आया so-called, जो भी इनका, कोई sister concern शायद बजरंग दल या कौन-सा, मुझे मालूम नहीं है कि कौन संस्था है, उनके लोग आए और एक मुस्लिम भाई, जो आम बेचने के लिए हिसार गया था, उसको निकाला गया और उसको बेरहमी से पीटा गया, लेकिन इसमें क्या कार्रवाई हुई? एक आदमी को आप पकड़ लेंगे, जिसने कुछ किया या नहीं किया, लेकिन जिस तरह की सोच हमारे शहरों में, हरियाणा में पनप रही है, पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। अब जहां-जहां इनकी सरकारें है और जैसी इनकी सोच है, मैं बार-बार यही कहती हूं कि बीफ या गौमांस की आड़ में देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Selja*ji*.

KUMARI SELJA: Just one minute more, Sir. जिस तरह की सोच बनाई जा रही है, उसी का नतीजा है कि उन लोगों पर दिन-प्रतिदिन अत्याचार हो रहे हैं, mob lynching हो रही है।

[Kumari Selja]

जब हम गांधी जी बात करते हैं, मैं यहां गांधी जी के विचारों पर दो लाइनें बोलना चाहूंगी। उन्होंने कहा था कि एक गाय को बचाने के लिए अगर मुझे जान देनी पड़े, तो मैं जान भी दे दूंगा, लेकिन एक गाय को बचाने के लिए मैं अपने भाई की जान नहीं ले सकता। लेकिन आज यही हो रहा है। आप कहते हैं कि हमें जनादेश मिला है। ...(**व्यवधान**)... बस, मैं एक मिनट में समाप्त करती हूं। आपको किस चीज का जनादेश मिला है? उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री जब किसी दलित के घर जाते हैं तो पहले उसे साबुन के पानी से नहलाया जाता है, शैम्पू दिया जाता है, क्योंकि वह उसके साथ बैठने लायक नहीं है। कोई दलित इस लायक नहीं है कि उनके साथ बैठे। वे गंदगी में रहते हैं, इसलिए उन्हें नहलाया जाता है। इसी तरह, झारखंड के मुख्यमंत्री ...(**व्यवधान**)... हां, मुख्यमंत्री जी को बदबू नहीं आनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please do not create disruptions.

**कुमारी शैलजाः** कर्णाटक के पूर्व मुख्यमंत्री किसी दलित के घर खाना नहीं खा सकते। संभव है, उनके घर का खाना अच्छा नहीं होगा, साफ नहीं होगा। उनके लिए बाहर से मंगाया जाता है, फिर वे खाते हैं।

अंत में, कुछ ज्यादा नहीं, सिर्फ इतना ही कहूंगी कि यह सरकार एक तरह से denial mode में है कि कुछ नहीं होगा, कुछ गलत नहीं होगा। एक-दो छुटपुट घटनाएं हुई हैं और हम कार्यवाही कर रहे हैं। हमने इतने लोगों को पकड़ लिया है। This denial mode is not going to help this nation. This denial mode is not going to help this country. This denial mode is not going to help us as Indians. It brings shame to us. इस शर्म में केवल एक पक्ष नहीं बोल सकता, सबको बोलना पड़ेगा। सबको बोलना पड़ेगा, otherwise जैसा हमारे एक साथी ने कहा कि हमारे सामने-असली हिन्दू और नकली हिन्दू वाली बात आएगी। केवल अच्छी हिन्दी बोलकर, अच्छा प्रचार करके, आप हिन्दू नहीं कहला सकते। दिल से, आत्मा से आपको हिन्दू बनना पड़ेगा, सबका संरक्षण करना पड़ेगा, तभी हम हिन्दू कहला सकते हैं। इस देश की जो गंगा-जमुनी तहज़ीब है, उसे बचाना पड़ेगा, तभी भारत की जनता बचेगी। गौ-रक्षकों के कारण या जिस विचारधारा से आप सत्ता में आए हैं, उससे देश नहीं बचने वाला है। इन्हीं शब्दों के साथ, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, जय हिन्द।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Selja*ji*. Now, Shri Amar Shankar Sable.

**श्री अमर शंकर साबले** (महाराष्ट्र)ः महोदय, 'The incidents of lynching and atrocities on minorities and *dalits* across the country' विषय पर इस सदन में बहुत गम्भीरता से चर्चा हो रही है और गम्भीरता से चर्चा होनी भी चाहिए। इसके साथ-साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाले जो हमारे जवान शहीद हो रहे हैं, उन पर भी चर्चा होनी चाहिए। साथ ही, मानवता के लिए, राष्ट्र-निर्माण और चरित्र-निर्माण का काम करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देशभक्तों की हत्या जिस तरह

हमारे Communist कार्यकर्ता मिल-जुलकर कर रहे हैं, उस विषय पर भी यहां चर्चा होनी चाहिए। साथ ही, महिला, बाल, किसान, मजदूरों पर भी चर्चा इस सदन में होनी चाहिए। मुझे याद आता है, हमारे एक प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि जब एक बड़ा पेड़ गिरता है तो उससे छोटे पौधों के साथ-साथ जमीन का नुकसान भी होता है। मुझे गर्व है, जब हमारे प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्रभाई मोदी जी ने गौभक्तों की भीड़ के कारण होने वाली सभी हत्याओं की कड़ी निन्दा की, भर्त्सना की। प्रधान मंत्री मोदी जी ने कहा है, "भारतीय संविधान भी हमें गौरक्षा के बारे में शिक्षा देता है, लेकिन क्या वह किसी शख्स की हत्या का अधिकार देता है? क्या यही गौभक्ति है? क्या यही गौरक्षा है? गौभक्ति के नाम पर लोगों की हत्या स्वीकार्य नहीं है। कानून को उसका काम करने देना चाहिए और किसी को कानून हाथ में लेने का हक नहीं है। हिंसा से कभी किसी समस्या का समाधान नहीं हुआ और न होगा। एक समाज के तौर पर हमारे यहां हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।" इतनी साफ बात ईमानदारी से प्रधान मंत्री जी ने कही है। मोदी जी की यह मन की बात अगर कांग्रेस के नेता सुनते, तो उनके मन का मैल साफ होता और वे कभी भी मोदी जी की कानून हाथ में लेने वाले गौरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की भावनाओं के ऊपर शक नहीं करते। आप भले कितना शक और बवाल पैदा करो, अब मोदी जी पूरी दुनिया में छा गए हैं। पहले आप कह रहे थे, "Indira is India." अब "Modi*ji* is *mahashaktishaali* India." "Modi*ji* is *majboot* India." "Modi*ji* is *mahanayak* of India."

गौहत्या करने वाले और गौरक्षकों की गुंडागर्दी से हो रही हिंसा, ये दोनों दुर्भाग्यपूर्ण हैं। अगर इसका केन्द्र बिन्दु गाय है, तो इस गाय के बारे में महात्मा गांधी जी ने क्या कहा, यह देखना जरूरी है। गांधी जी से बड़ा गौपूजक कोई नहीं हुआ। उन्होंने यहाँ तक कहा, "हिन्दू धर्म तब तक जीवित रहेगा, जब तक गौरक्षक हिन्दू मौजूद हैं।" लेकिन, गांधी जी अंधविश्वासी नहीं थे। मेरी जानकारी में गाय के बारे में उनके इस कथन से सुंदर कोई और वाक्य नहीं है, "मैं गौरक्षा को मानव विकास की सबसे अद्‌भुत घटना मानता हूँ। यह मानव का उदात्तीकरण करती है। मेरी दृष्टि में गाय का अर्थ समस्त अमानवीय जगत है। गाय के माध्यम से मनुष्य समस्त जीव-जगत के साथ अपना तादात्म्य स्थापित करता है। गाय को देवत्वारोपण के लिए क्यों चुना गया, इसका कारण स्पष्ट है। भारत में गाय मनुष्य की सबसे अच्छी साथिन है।" गांधी जी के जमाने में भी ऐसे गौरक्षक थे, जिन्हें गोपालन से कुछ भी लेना-देना नहीं था। ऐसे लोगों को गांधी जी का संबोधन था, "जिस प्रकार मैं किसी गाय की रक्षा करने के लिए मनुष्य को नहीं मारूँगा, उसी प्रकार मनुष्य की रक्षा के लिए, उसका जीवन चाहे जितना मूल्यवान हो, गाय का वध नहीं करूँगा।" महात्मा गांधी जी द्वारा बताए गए गाय का महत्व जानकर गौहत्या प्रतिबंध कानून का आदर किया जाए और अपनी खान-पान की आदतें उसके तहत रखी जाएँ, तो गौहत्या भी नहीं होगी और सामाजिक-सांस्कृतिक संतुलन भी बरकरार रहेगा। किसी भी कीमत पर खान-पान की आदत के कारण गौहत्या नहीं होनी चाहिए और गाय के बदले आदमी को मारा जाना, यह सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है।

केरल और बेंगलुरु में सार्वजनिक रूप से जिन वहशी दरिंदों ने गाय काटी, निश्चित रूप से वह अक्षम्य अपराध है। यह भी सत्य है कि उनके द्वारा गाय काटना केवल भारतीय संविधान ही नहीं, बल्कि भारत की काया और मन पर वैसा ही आघात है, जैसा महमूद गजनवी ने सोमनाथ तोड़कर और बाबर ने राम जन्मभूमि तुड़वा कर किया था। कोई मनुष्य इतनी पाशविकता के साथ किसी भी पशु को मार

[श्री अमर शंकर साबले ]

सकता है और फिर उसका सार्वजनिक प्रदर्शन कर एक राजनीतिक बयान दे सकता है, यह पिशाचों के बारे में तो सुना था, लेकिन मनुष्य के बारे में कांग्रेस तथा कम्युनिस्टों ने ऐसा उदाहरण दिया है कि इस पर आने वाली पीढ़ियां सोचेंगी तथा यह इतिहास में एक उदाहरण बनेगा, कि एक समय भारत में ऐसा भी आया था जब कांग्रेस नाम की पार्टी के कुछ हिन्दू, मुस्लिम और ईसाई कार्यकर्ताओं ने मिलकर प्रखर राष्ट्रीयता वाली सत्तासीन पार्टी के खिलाफ एक अमानवीय राजनीतिक कृत्य किया था।

इस देश में एप्रॉक्सिमेटली 70 प्रतिशत लोग मांसाहार करते हैं। खान-पान की स्वतंत्रता सभी को होने से सरकार को उसमें हस्तक्षेप भी नहीं करना चाहिए। लेकिन एक समूह का खान-पान दूसरे समूह की धार्मिक भावना को दुखाने वाला नहीं होना चाहिए। चर्म उद्योग इस देश में महत्वपूर्ण है। इसको बढ़ावा देने का प्रयास भी केन्द्र सरकार कर रही है, ये मद्देनज़र रखते हुए कि गौ-हत्या और गौ-रक्षकों की भीड़ से हो रही हत्याओं पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

गरीबी, बेकारी, पिछड़ापन हमारे सामने कितने गंभीर प्रश्न हैं या इन समस्याओं का कोई अर्थ ही नहीं है। एक ओर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी हर घर में बिजली हो, सौर ऊर्जा हो, अच्छी रेलगाड़ियां हों, जन-धन योजना के एकाउंट हों, हरेक का खुद का घर हो, राजमार्गों का निर्माण, अरुणाचल और कश्मीर में सुरक्षा की मजबूत तैयारी, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के कौशल विकास में जुटे हुए हैं, दूसरी और हम सारे हिन्दुस्तान को अपनी व्यक्तिगत पसंद और नापसंद के खाने से चलाने की कवायद कर रहे हैं। देश अब ऐसे चलेगा कि किसकी थाली में क्या परोसा जाए अथवा आर्थिक और शिक्षा की नई उड़ानों से नया भविष्य गढ़ने पर ध्यान देना जरूरी समझा जाए? उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र सरकार ने गौ-रक्षकों की भीड़ द्वारा की गई हत्याओं के खिलाफ जो कार्यवाही की, उनका मैं स्वागत करता हूं और वैसे ही कड़ी कानूनी कार्यवाही पश्चिमी बंगाल सरकार की तरफ से की जाए, ऐसी आशा रखता हूं।

दलिता उत्पीड़न की घटनाएं इस देश में जो हो रही हैं, यह सभ्य समाज में शर्मनाक है। दलित उत्पीड़न मानवता के प्रति अपराध है। दलित उत्पीड़न रोकने के लिए केन्द्र सरकार ने एट्रोसिटी ऐक्ट में जो अमेंडमेंट किए हैं, उसकी मैं सराहना करता हूं। मोदी सरकार की दलितों के हित की नीयत साफ है, इसलिए उन्होंने कड़ा कदम उठाकर एट्रोसिटी ऐक्ट में अमेंडमेंट किया है। लेकिन दलित उत्पीड़न का मुद्दा उठाने वाली बहन कु. मायावती के उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री कार्यकाल में दलित उत्पीड़न क्राइम रेट 30 प्रतिशत बढ़ा था। 1,207 दलित बस्तियों पर अटैक हुआ था। 20 अपराधों को सूची से बाहर निकाला। आई.ए.एस., आई.पी.एस. अधिकारियों को आयोग के सामने आने से छूट देकर एस.सी., एस.टी. आयोग को सबसे कमजोर किया था। यह है इनकी करनी। इसीलिए तो यू.पी. की जनता ने बसपा, सपा और कांग्रेस को नकारा है। इनको जनादेश का आदर करके आत्मचिंतन करना चाहिए और अपनी गलती सुधारनी चाहिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You may please conclude. Please.

**श्री अमर शंकर साबलेः** दलित उत्पीड़न यह मानसिकता है। जब तक अस्पृश्यता का भाव मन से दूर नहीं होगा, तब तक दलित उत्पीड़न की दुर्घटना होती रहेगी। उस अस्पृश्यता के बारे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भूतपूर्व सरसंघचालक पू. बालासाहेब देवरस ने 1974 में पुणे के वसंत व्याख्यानमाला में भाषण करते वक्त कहा था कि "यदि अस्पृश्यता गलत नहीं है तो दुनिया में कुछ भी गलत नहीं है। अस्पृश्यता और जाति व्यवस्था समाज के लिए ठीक नहीं है। वह अव्यवस्था है, वह जानी चाहिए, नष्ट होनी चाहिए। कोई भी व्यवस्था स्थाई नहीं होती, वह व्यवस्था हम बदल सकते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Amar*ji*, please. Please.

**श्री अमर शंकर साबलेः** बस, एक मिनट। भूतपूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि "अगर अस्पृश्यता भगवान निर्मित है तो उस भगवान को मैं नहीं मानता"। इतना शुद्ध विचार संघ, भाजपा और भाजपा के नेताओं का है। ऐसे विचारों पर धब्बा लगाना यह सूरज पर धब्बा लगाने जैसा है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please sit down. *...(Interruptions)...* Please sit down. *...(Interruptions)...*

**श्री अमर शंकर साबलेः** उसका कोई असर नहीं होने वाला क्योंकि,

"फानूस बनकर जिसकी हिफाजत हवा करे,
वो शमा क्या बुझे जिसे रोशन खुदा करे।"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you ver much. Thank you Mr. Amar. *...(Interruptions)...* Shri Rewati Raman Singh; not present. Then, Shri Ali Anwar Ansari; five minutes to you. Please confine to the time alloted to you.

**श्री अली अनवर अंसारी** (बिहार): महोदय, हमारे भाजपा के नेता ने अभी एक शेर पढ़ा। मैं भी एक शेर पढ़कर ही शुरुआत करना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**... उस शेर से पहले एक फिल्मी गीत है कि "तुम्हीं ने दर्द दिया है, तुम्हीं दवा देना", लेकिन आप तो इतने बेवफा हैं कि आपसे वफा की उम्मीद करना भी बेवकूफी है, इसलिए वह उम्मीद भी नहीं है। सर, अब मैं शेर पढ़ता हूं।

**श्री रामदास अठावलेः** क्या यह शेर नहीं था?

**श्री अली अनवर अंसारीः** सर, आप डिस्टर्ब मत करिए। शेर है कि "तुम तो दवा मरने की देते हो और दुआ जीने की करते हो।" क्या मज़ाक है कि आप निन्दा भी करते हैं और यह बीमारी फैलाते भी हैं। यह जो Mob lynching नाम की बीमारी है, यह आपकी विचारधारा की देन है, आपकी पार्टी की देन है। यह जान लीजिए कि जो आग लगायी जा रही है, उस आग से कोई बचने वाला नहीं है। यह सिर्फ मुसलमानों का सवाल नहीं है, दलित भी मारे जा रहे हैं, ओबीसी के लोग भी मारे जा रहे हैं और हमारे पुलिस अधिकारी भी मारे जा रहे हैं। मैं तो कहना चाहता हूं कि Mob lynching की जो घटनाएं हो रही हैं, कश्मीर में हमारा एक पुलिस का अधिकारी, जो नमाज़ियों की हिफाज़त के लिए गया था, उस पर

[श्री अली अनवर अंसारी]

भी हमले हुए और वह भी मारा गया। मैं कहना चाहता हूं कि आप भी बचने वाले नहीं हैं, मीडिया के लोग भी बचने वाले नहीं हैं, हम Members of Parliament, जन-प्रतिनिधि भी बचने वाले नहीं हैं, एक संक्रामक बीमारी की तरह से देश में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। मेहरबानी करके इसको बढ़ावा मत दीजिए।

यह कोई एक राज्य का मामला नहीं है, यह सिर्फ कानून और व्यवस्था का मामला भी नहीं है। यह मामला इतना खतरनाक है कि यह इस देश की एकता और अखंडता को, इसकी जम्हूरियत को, इसके संविधान को तहस-नहस कर देगा। आप जिस रास्ते पर बढ़ रहे हैं, आप देश को अराजकता की ओर धकेलना चाहते हैं, आपने देश को एक गृह युद्ध की कगार पर खड़ा कर दिया है। महोदय, मैं मेवात में गया था। दस हजार मेवातियों के साथ हम लोगों ने इसी महीने की दो तारीख को यहां जंतर-मंतर पर इसके खिलाफ मजमा भी लगाया था। मैं जुनैद के घर पर भी गया था। क्या आप मेवात के इतिहास को जानते हैं? वहां दीवारों पर नारा लिखते हैं, "बाबर की औलादों, भारत छोड़ो।" आप जानते हैं, मेवात का इतिहास, 1527 ईस्वी में जब बाबर खांडवा के मैदान में सेना लेकर आया (राजस्थान में वह खांडवा का मैदान है) तो बाबर की सेना से लड़ने के लिए हसन खां मेवाती 12,000 घुड़सवारों की फौज के साथ गया। इतिहास पढ़ने वाले लोग जानते हैं कि बाबर ही इस मुल्क के अंदर सबसे पहले तोप और बंदूक लेकर आया था, उसके पहले परम्परागत हथियारों से लड़ाई होती थी। मेवातियों की हुब्बुलवतनी जैसी देशभक्ति की भारत के इतिहास में दूसरी कोई मिसाल नहीं मिलती है। 15 मार्च, 1527 को एक दिन में खांडवा के मैदान में 12,000 मेवाती, मुसलमान सिपाही अपने सरदार हसन खां मेवाती के साथ मारे जाते हैं। उन मेवातियों की बिरयानी में आप बीफ खोज रहे हैं! घर-घर में हंडिया और तसला उखाड़कर देख रहे हैं! आपने उनका सारा रोज़गार समाप्त कर दिया! आपने मेवातियों को टारगेट किया है। जितना गौ-पालन मेवाती करते हैं, उतना गौ-पालन कोई गैर-मुस्लिम भी नहीं करता। मैं वहां गया था, उनके सामने सबसे बड़ा संकट अब यह है कि वे अब गौ-पालन नहीं कर सकते हैं। राजस्थान के अलवर में कुछ मुसलमानों ने अपनी सैंकड़ों गायों को ले जाकर कलेक्टर को कहा कि इन्हें आप रखिए, हमारे ये जानवर अब हमारी जान का जंजाल बन गए हैं। कलेक्टर ने हाथ जोड़कर कहा, वहां पर आप का ही कलेक्टर है, आपका ही एस.पी. है, आप की ही हुकूमत है, उसने हाथ जोड़कर कहा कि मेहरबानी करके ले जाओ, इतनी गायों को हम कहां पर रखेंगे?

महोदय, अभी मैं झारखंड में गया था। बड़ा दर्द होता है, हाल तक हमारा एक ही राज्य है, वहां रिश्तेदारियां हैं, तमाम चीजें हैं। आपने वहां की हालत कैसी बनाकर रख दी है। गिरिडीह जिले में उस्मान मियां एक गौ-पालक है। उसने 11 जर्सी गायें पाल रखी हैं। एक गाय की कीमत 35,000-40,000 रुपए है। उसकी गाय ईद के दिन मर जाती है। वह जाकर उसे फेंक आता है। उससे पहले वह एक दलित को कहता है। दलित कहता है कि भाई आजकल माहौल गड़बड़ है, हम इसे कैसे ले जाकर फेंकें? उसने कहा कि एक हजार रुपया दोगे, तब फेकेंगे। उसने दलित को कहा कि पहले तो 200 रुपया ही देते थे, अब 1000 रुपये मांग रहे हो। उसने कहा कि अब जान पर आफत है, लेकिन वह क्या करे। वह उसे गांव के किनारे फेंक आता है। रात में उसकी पहरेदारी होती है कि उसको कुत्ता और

सियार न खा जाये और रात में उस जर्सी गाय की गर्दन काटकर, उसकी टांग काटकर कहीं जमीन में गाड़ दी जाती है और दूसरे दिन सुबह ही हंगामा किया जाता है कि उस्मान यह गाय खाने वाला था, इस बात का हल्ला हुआ, तो उसने गांव के किनारे लाकर फेंक दिया। वहां पर लोग जुटते हैं और जुटकर उसके घर में आग लगा देते हैं। उसकी पत्नी को, उसकी बहन को, उसके बेटे को घर में आग लगाकर जला कर मारने की कोशिश करते हैं। तब तक मारते हैं, जब तक यह पता नहीं चल जाता कि वह मर गया है, वह जिंदा नहीं है। हमारे देश में ऐसे लोग भी हैं, जिन पर हमें फख्र है। वहां के कलेक्टर उमा शंकर सिंह, वहां का एस.पी. जो कोई आदिवासी भाई है, उसका शायद क्रिस्टोपा नाम है या क्या नाम है, वह जान पर खेल कर, अपनी जान का जोखिम लेकर, उस अधमरे को कब्जे में लेता है और उस्मान के घर में जो आग लगाई है, उसमें से भी लोगों को बचाकर लाता है।

मैं वहां पर गया था। उसकी बाकी 10 जर्सी गायें लूट ली जाती हैं। उनकी बकरियां लूट ली जाती हैं, उनकी भेड़ें लूट ली गईं, उनका सामान लूट लिया गया। ...(**समय की घंटी**)... इसी साल उसके दो बेटों की शादी हुई थी, उनके गहने और तमाम बर्तन लूट लिए गए। उस गांव में किसी मुसलमान ने नहीं, हिन्दू भाई ने कहा कि यहां डी.एम. और एस.पी. की चली, यहां सत्ता के शिखर पर जो आदमी बैठा हुआ है, उसकी नहीं चली। मैं नाम नहीं लेना चाहूंगा, बगल के गांव में ईद के दिन ही चरहरा गांव में ...(**समय की घंटी**)... उपसभाध्यक्ष जी, मैं गांव में घटनास्थल पर होकर आया हूं। मैं अखबार से पढ़कर नहीं बोल रहा हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please conclude. Kindly understand the position of the Chair also.

**श्री अली अनवर अंसारी**: सर, मैं खत्म कर रहा हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि चारों ओर अंधेरा है, एक नाउम्मीदी है, एक बेचैनी है, एक तड़प है, लेकिन उसमें उम्मीद की भी एक किरण है। वहां पर कलेक्टर और एस.पी. ने बचाया। हमको तो डर लगता है, इस हाउस में हमने नाम रख दिया है, कहीं उसकी वही हालत न हो, जैसी हालत उत्तर प्रदेश में एक महिला अफसर की हुई है। उसने हुड़दंगियों को पकड़ लिया था, तो उसका ट्रांसफर बुलंदशहर से बहराइच कर दिया जाता है या उसको बाद में सजा दी जाती है। इस तरह की घटना न हो, इसलिए भी कुछ कहने से डर लगता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, ईद के दिन चरहरा गांव में दंगा-फसाद कराने की कोशिश की गई। सभी जानते हैं कि ईद के दिन नमाज का समय आठ बजे से नौ बजे तक का होता है, यह बात हिन्दू भाई भी जानते हैं। उस दिन साढ़े दस बजे नमाज हुई। वहां के दलित भाई खड़े हो गए, कोई चौधरी नाम का पूर्व मुखिया का पति है, वह खड़ा हो गया और गांव खड़ा हो गया और कहा कि हम हजारों साल से इस गांव में रहते हैं। ईद के दिन कोई भी मुसलमान गाय नहीं काटेगा। वहां पर नदी के किनारे किसी ने गाय की पूंछ लाकर रख दी। वहीं पर एक उम्मीद की किरण भी है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please conclude.

**श्री अली अनवर अंसारी**: सर, दो मिनट। सर, गिरिडीह से 15 किलोमीटर दूर बेंगाबाद चौक है, वहां कुछ लोग गाड़ी में गायों को ले जा रहे थे। वहां हुड़दंगियों ने, तथाकथित गौ-रक्षकों ने उन्हें घेरा

[श्री अली अनवर अंसारी ]

और मारना शुरू किया। उन लोगों ने कहा, अरे बदमाश, हम भी हिंदू हैं। उन्होंने अपना नाम बताया और तब गांव के अगल-बगल के हिंदू भाई लाठी लेकर आए और खूब अच्छी तरह से उनकी मरम्मत की। यह भी दीवार पर लिखी इबारत है। यहाँ हम हिंसा की बात नहीं कर रहे हैं कि उनकी पिटाई की और अच्छी बात की, लेकिन हम यह कह रहे हैं कि आप अगर नहीं रोकोगे तो इस तरह की घटनाएं होंगी...

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That's okay. You wanted three minutes and you have spoken for 11 minutes. Nothing more will go on record.

**श्री अली अनवर अंसारीः** सर, दो मिनट।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is unfair. I had told you that there was no time. This is very unfair. I am sorry. You asked for three minutes and you have taken eleven minutes. ...*(Interruptions)*... I have to control the House.

**श्री अली अनवर अंसारीः** *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sit down, please. Now, Shri K.K. Ragesh. ...*(Interruptions)*...

**श्री अली अनवर अंसारीः** *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing will go on record. What is this? You should also cooperate. Now, Shri K.K. Ragesh, take only five minutes, not even six minutes.

SHRI K.K. RAGESH (Kerala): Sir, we are proud to be the largest democracy in the world, but, unfortunately, we are compelled to discuss the issue of lynching rather than discussing the question of development, etc.

Sir, we have got lot many political parties in our country, and all the parties have their own heritage, legacy, past, present, etc. Sir, all these political parties have the experience of taking up various issues of the people in our country. Majority of these parties took part in the struggle for independence and emerged taking up various issues; maybe the issue of fight against untouchability, lot many social issues, the question of land, food and all these issues are taken up by various political parties. That is the basis which formed or which is basically the means that makes and develops the parties. That is how these parties have developed their mass base. But, Sir, in our country, we have got a particular party which had never taken part in the freedom struggle, which had never taken up the

*Not recorded.

**5.00 P.M.**

issues of the people, like the issues of land, food, etc., but have taken up certain other issues for building their mass base. Everybody knows which that party is. They took up the issue of Ram Janmabhoomi. They had two Members in Lok Sabha. And, after all these dramas, their number has increased to three digits. That is how, they have taken up the issues. They are dividing the people on communal lines. They have divided Mahatma Gandhi's Gujarat. He had taught the people of Gujarat about Rama. Mahatma Gandhi's Rama is different and Godse's Rama is different. In Gujarat, after polarising the people on the basis of communal lines, they have attained momentum. It is happening everywhere, be it Uttar Pradesh or be it Bihar. Everywhere, they have got a single agenda of dividing the people on the basis of communal lines and that is how they developed their mass base. Sir, this politics of hate, this politics of spitting communal venom, is the main basis of mass lynching that is taking place in our country.

This politics of hate needs to be addressed. This is the basic issue. Sir, Kerala is a State where Hindus, Muslims and Christians, all the people irrespective of their religious beliefs, irrespective of their caste, are living together. *Rama, Rahim and Joseph,* all are sharing their feelings during the time of agony and also during the time of ecstasy. They are living like that. They are living like brothers. But, Sir, I want to tell the Government, through you, that after the BJP has come to power, they are targeting Kerala with the same divisive agenda of spitting communal venom. Sir, let me give you certain examples. Sir, two months back, in Kerala, one Mohd. Riyaz...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't give examples. You have no time.

SHRI K.K. RAGESH: Sir, one Mohd. Riyaz was killed. He was a Madarsa teacher. He was not a CPI sympathizer. He was killed because he was a Muslim. That is why he was killed. Sir, ask them as to why he was killed and who was the culprit? All the culprits have been brought before the law. Police have arrested them. They have confessed before the Police that the killing of Mohd. Riyaz was intended to divide people and to organize communal violence in the State.

Sir, who is doing all these things? Sir, this is not an isolated incident. Sir, I can tell you, an eight year child, Fahad, again, a Muslim child, was killed. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is no time. Don't tell all this. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, the accused said to the Police that due to the communal hatred, he had killed him. ...*(Interruptions)*... It is his confession statement. ...*(Interruptions)*...

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I don't think, he should be allowed to. ...*(Interruptions)*... It is insinuation.

SHRI K.K. RAGESH: With all responsibility, I am telling this. ...*(Interruptions)*... It is not the only issue. There are a lot of instances, which I can bring here before this august House, and, Sir, I can tell you... ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: He can't be insinuating... ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, we, the CPI(M), the Left Parties are there to defend the secular fabric of the State. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: He can't be insinuating. ...*(Interruptions)*... How can he insinuate? ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, how can you allow the Minister to intervene? ...*(Interruptions)*... I am not yielding. ...*(Interruptions)*... Sir, how can you allow the Minister to intervene like this? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: See, the point is that. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, I am not yielding. ...*(Interruptions)*... I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: You are insinuating, and, I object to that. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: He has no business to... ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, we, the CPI(M) and the Left Parties are there in Kerala to protect the secular fabric of the State and that is why the BJP is targeting it. ...*(Interruptions)*... Hon. Member was talking about the killing that has taken place in Kerala. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, you conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, let me say this please. Sir, it has been raised here, and, that is why, I have every right to explain that issue. After the new Government has come to power, 13 CPI (M) workers were killed. I am not saying, who have been killed. Thirteen workers have been killed. The hon. Member was talking about 'double standards'. If he is not in favour of double standards, why did he not mention that incident? I am telling you, Sir, all the killings, all the violence should be condemned. It may be different political parties. I am condemning it. That is another issue. But why is he not doing it, Sir? ...*(Interruptions)*... Sir, immediately after the Government came to power. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You can condemn all the killings. ...*(Interruptions)*... Please sit down.

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Who is condemning and who is not... ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. Okay.

SHRI K.K. RAGESH: Sir, in the Chief Minister's constituency itself, one person was killed on the day of the victory procession. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. That is all right. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: A bomb was thrown, and, he was killed. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, you conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: No retaliation. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, you conclude, please. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: And, after one month, another CPM worker, Mr. Dhanaraj was killed. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You need not narrate it. ...*(Interruptions)*... Now, Mr. Vijaysai Reddy. ...*(Interruptions)*... That is okay.

SHRI K.K. RAGESH: We are being depicted as. ...*(Interruptions)*... They are making false statements. False statements are being made. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ragesh, please sit down. That is okay. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Hon. Minister cannot use ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, I need your protection. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is enough. ...*(Interruptions)*... You have already made ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, I am not conceding. ...*(Interruptions)*... I need your protection. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No more...*(Interruptions)*... Your time is over. ...*(Interruptions)*... Shri V. Vijayasai Reddy. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.K. RAGESH: Sir, ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over. ...*(Interruptions)*... Your time is over. ...*(Interruptions)*... Shri V. Vijayasai Reddy. ...*(Interruptions)*... No, Mr. Ragesh. Your time is over. ...*(Interruptions)*... Mr. Ragesh, please ...*(Interruptions)*... Your time is over. ...*(Interruptions)*... It is not going on record. ...*(Interruptions)*... Your time is over. ...*(Interruptions)*... Shri V. Vijayasai Reddy. ...*(Interruptions)*...

SHRI T.K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. ...*(Interruptions)*... I am not allowing. ...*(Interruptions)*... Shri V. Vijayasai Reddy. ...*(Interruptions)*...

SHRI T.K. RANGARAJAN: Sir, they must be patient to hear the charges. ...*(Interruptions)*... Their people ...*(Interruptions)*... wanted to cut the head of the Chief Minister of Kerala.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will go through that. ...*(Interruptions)*... I will go through that. ...*(Interruptions)*... I will go through every statement.

SHRI T.K. RANGARAJAN: Do you condemn that? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. Please ...*(Interruptions)*... Shri V. Vijayasai Reddy. ...*(Interruptions)*... All of you sit down. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Only what Shri V. Vijayasai Reddy says will go on record. ...*(Interruptions)*... Mr. Ragesh, sit down. ...*(Interruptions)*... Mr. Somaprasad, sit down. ...*(Interruptions)*... Shri V. Vijayasai Reddy, you start your speech. ...*(Interruptions)*...

You start, I can hear it. ...*(Interruptions)*... Shri V. Vijayasai Reddy, you start your speech. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Sir, bring the House to order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will call the next person if you don't start. ...*(Interruptions)*... You start. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Sir, I thank you very much for the opportunity that you have given to me to speak on this important subject.

In fact, the stand of my party and the party president, Shri Jaganmohan Reddy Garu, is not to politicise this issue but to find out a solution to the problem that we are discussing here. In fact, the debate and discussion on and off is going off the track and taking twists and political dimensions which is very unfortunate.

I will dwell upon only three important legal issues.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have only five minutes.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, you have given ten minutes to everybody.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: But you have only five minutes.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, I will take only six minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: But you have only five minutes.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Not more than that!

I will dwell upon only three important legal issues. Of course, the Law Minister is not there. But I request you, Madam Nirmala Sitharaman, to bring these to the notice of the hon. Finance Minister and the hon. Law Minister. I have three important suggestions which I would like to make on behalf of my party in this regard.

The first issue is about strengthening the legislation. The second issue is about strengthening and reforming the police. And the third issue is about curbing the rumour-mongering. I will dwell upon these three issues.

The first issue is about strengthening the legislation. First of all, the word 'lynching' does not find any mention in the Indian Penal Code. Therefore, there is every necessity for us to amend the law, particularly the Indian Penal Code where the word 'lynching' has to be defined in the Act. It has to be defined in the Indian Penal Code to make the

[Shri V. Vijayasai Reddy]

mechanism of justice delivery more effective. If the Government feels that no such amendment is required to be made insofar as this issue is concerned, then like in the case of rape and other criminal actions, a separate law can be made.

The second point to which I would like to draw the attention of the Minister is section 223 (a) of the Criminal Procedure Code. It says that the persons or mob involved in the same offence, in the same act can be tried together. This is not proved to have given enough legal teeth to the justice delivery mechanism. Therefore, a more stringent law has to be enacted and section 223 (a) of the Criminal Procedure Code, 1973 has to be amended.

The third issue which I would like to bring to your notice is the absence of a codified law involving mob violence or lynching which makes it difficult to deliver justice in the cases of riots. So, there has to be a codified law that has to be enacted by the Parliament. As the Law Commission has drafted a Bill for unlawful assembly, on the same lines, the Government should also draft a Bill and enact a law against mob lynching. So, this is our stand in so far as the first issue of strengthening the legislation is concerned.

Now, I come to the second issue of strengthening and reforming the police. Sir, in respect of lynching incidents, as K.T.S. Tulsi Saheb has pointed out, these lynching attackers have not been arrested in five per cent cases. In the remaining 95 per cent cases, of course, arrests have been made. It should not even be five per cent. A total of 63 cases have been reported since 2010 according to the data available. The hon. Minister yesterday, while replying to a Starred Question, has reportedly said that the National Crime Records Bureau is not maintaining any records in so far as this issue is concerned. Of course, there are some records available somewhere. In many cases, victims of such criminality have ended up being accused by the police. It happens in some cases at least. As I told you, out of 63 cases since 2010, at least 21 per cent, that is, in the case of 13 attacks, instead of attackers being made accused, victims have been made accused by the police. Of course, this is unwarranted, and appropriate action has to be initiated by the Government of India. ...*(Time-bell rings)*...

Sir, I have only three issues. Now, I come to the third issue. The failure of law and order leads to anarchy, and vigilantism among the people leads to mob justice. In fact, I was carefully watching television one day. The wife of a trader, who was lynched and killed, reportedly told the television reporter that mob justice would be meted out with

mob justice only. It means that if the Government can't act, we will pick up the arms against them to save our own men. This is what the wife of that man, who was killed, was reportedly saying. Sir, there is one important issue. There is a judgment of the Supreme Court.

*...(Time-bell rings)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. Time is over.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, it is very essential. In 2006, the hon. Supreme Court of India delivered a judgment. It is an important and landmark judgment on police reforms asking the State Governments to implement it. It has given seven directives directing the States to implement those seven directives. Out of seven directives, three directives are very important and relevant to this point. One is strengthening the investigation; second is fixing tenure for police personnel; and the third is setting up of police complaints authority. These are the three important issues which have to be understood by the Government of India. *...(Time-bell rings)...* Then, I come to the last issue.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Rumour-mongering has to be addressed and controlled by the Government of India. Thank you very much.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Pramod Tiwari. You have only five minutes, not six minutes.

**श्री प्रमोद तिवारी** (उत्तर प्रदेश): डिप्टी चेयरमैन साहब, इस देश का दुर्भाग्य है, इस दौर का दुर्भाग्य है कि रामराज्य का वायदा करके जो सरकार आई थी, आज अगर उसे पुकारा जा सकता है तो सिर्फ रावणराज के तौर पर पुकारा जा सकता है। नाम राम का लिया था, कर्म आपके सब रावण के हैं। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि संविधान की सौगंध तो आपने ली थी, लेकिन अगर संविधान की हत्या कहीं हो रही है तो आपकी सरकार करा रही है, उसमें शामिल है। किलिंग और लिंचिंग का हक आपको कौन देता है? यह कराने का हक आपको कौन देता है? आपको आत्मरक्षा का हक मिल सकता है, राइट टू अरेस्ट हो सकता है। अगर आपको कहीं लगता है कि कहीं कोई अपराध हुआ है, तो आप उसे गिरफ्तार कर सकते हैं, अगर कॉग्निजेबल ऑफेन्स है। हिंसा हमेशा कमजोर और बुजदिल लोग करते हैं, आप हैं। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है, मैं बहुत दृढ़ता से कहना चाहता हूं और उसके लिए सबूत और तथ्य दूंगा कि मिशन-19 को पूरा करने के लिए यह लिंचिंग कराई जा रही है, मिशन-19 की तैयारी के लिए लिंचिंग हो रही है। क्योंकि न 15 लाख रुपए हैं, न अच्छे दिन हैं। जब आप सारे वायदों पर असफल हो गए हैं, तो कब्रिस्तान और श्मशान बोल कर, आपके मुँह में खून लग गया है,

[श्री प्रमोद तिवारी ]

इसलिए आप lynching करा रहे हैं और आप lynching सोच-समझ कर करा रहे हैं। मान्यवर, इसके पीछे मकसद सिर्फ यह है कि हिंसा, भय, आतंक और नफरत, चारों का घालमेल करके हिन्दुस्तान में आप ऐसी cocktail बना देना चाहते हैं, जिससे 2019 में दलितों का, अल्पसंख्यकों का एक बड़ा तबका डर जाए, सहम जाए और आप फिर उसी मशीन के सहारे सत्ता में आ सकें। लेकिन आपका यह सपना पूरा नहीं होगा, जिस दिन वह खड़ा होगा।

मान्यवर, ये हिन्दुत्व की बात करते हैं। मुझे कहने में कोई संकोच नहीं है कि मैं हिन्दू हूँ, ब्राह्मण हूँ, लेकिन हिन्दुत्व दो तरह का होता है। हिन्दू, जो मैं हूँ, जो इधर बैठे लोग हिन्दू हैं, वे गांधी वाले हिन्दू हैं और आप लोग, जो lynching कराते हैं, आप गोडसे वाले हिन्दू हैं। हिन्दू तो हम दोनों हैं, लेकिन हम गाँधी वाले हिन्दू हैं, आप गोडसे वाले हिन्दू हैं। अगर आप गाँधी वाले हिन्दू होते, तो आपको lynching बर्दाश्त नहीं होती। मैं सिर्फ एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि कभी इतिहास लिखा जाएगा, तो अगर हिन्दुत्व पर कलंक के रूप में कोई जाना जाएगा, तो आपके ये कर्म जाने जाएँगे, आपकी सरकार के ये कर्म जाने जाएंगे।

मान्यवर, मैं सिर्फ 1965 और 1971 याद दिलाना चाहता हूं, लालबहादुर शास्त्री जी और इंदिरा गांधी का युग। देश की सीमाओं पर तनाव है, जो कुछ आज चीन का सीमा और पाकिस्तान की सीमा पर हो रहा है। इंदिरा जी 1971 का युद्ध सफलतापूर्वक इसलिए कर पाई थीं कि उस समय हवलदार अब्दुल हमीद ने पैटन टैंक तोड़ा था। वे ऐसा इसलिए कर पाई थीं कि निर्मल सिंह सेखों ने पहली बार नेट विमान से सेबर जेट मार गिराया था। अगर आप उसी समाज के ताने-बाने को तोड़ कर मजबूत हिन्दुस्तान की कल्पना कर रहे हैं, तो जब हिन्दुस्तान को कमजोर करने वालों की सूची बनेगी, तो सबसे पहले आप लोगों का नाम होगा, जो आप सरकार चला रहे हैं। मैं इतना कहना चाहता हूँ कि आप ऐसा भी नहीं कर रहे हैं, बल्कि आप एक parallel industry चला रहे हैं, क्योंकि आप लोगों को रोजगार तो दे नहीं पा रहे हैं। मैं इसलिए कह रहा हूँ कि आज तक उसकी जो सर्वे रिपोर्ट आई है, आप देख लीजिए, दो जगह जब बैरियर्स पर चेक किया गया, तो जहाँ-जहाँ बीफ मिलता है, वहाँ भाजपा का झंडा मिल जाता है। जहाँ बीफ मिलता है, जो पैसे पर पार कराने का ठेका लेते हैं, वे भाजपा के पदाधिकारी निकलते हैं। आपके प्रधान मंत्री ने ठीक ही कहा कि दिन में लोग यह करते हैं और रात में क्या करते हैं। कम से कम एक बार जिन्दगी में मैं आपके प्रधान मंत्री की बात से सहमत होता हूँ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। अगर आपको गौ-हत्यारे ढूँढ़ने हैं, तो वे आपको इसी सदन में मिल जाएँगे। हिंगोनिया जयपुर में है। वहां भाजपा की सरकार है, वहाँ भाजपा का मेयर है। 3 हजार गाय मारने वाले आपके साथी हैं, आपके परिवार के लोग हैं। अगर कहीं गौ-हत्यारे हैं, तो आपके झंडे के नीचे हैं, इधर कोई नहीं है।

मान्यवर, मैं एक और बात जरूर कहना चाहूँगा कि जब आप lynching की बात करते हैं, तो आप इतना बता दीजिए, अगर आपका साहस हो, जवाब देने के लिए कोई खड़ा हो, कि अब तक जितने लोग पकड़े गए हैं, उनका political affiliation क्या है? जब उनका इंटरव्यू आता है, तो कोई कहता है कि मैं भाजपा का जनरल सेक्रेटरी हूँ, कोई कहता है कि मैं किसी संगठन का अध्यक्ष हूँ। जहाँ

lynching हो रही है, वहाँ आपका झंडा मिलता है। याद रखना, आप आज जो lynching कर रहे हैं, जब जनादेश आएगा, तो यही जनता आपकी lynching करके आपको वापस करेगी।

मैं एक बात जरूर कहना चाहूँगा कि अगर आपने कुरुक्षेत्र बना रखा है, तो याद रखना आने वाला इतिहास आपको दुर्योधन के रूप में लिखेगा, जो आप संविधान की द्रौपदी का चीरहरण कर रहे हैं। जिस तरह आप कानून तोड़ रहे हैं, यह देश आपको कभी माफ नहीं करेगा। मैं बताना चाहता हूँ, जब यह बढ़ जाता है, तो जैसा हमारे नेता विरोधी दल ने कहा था, किसी जाति या धर्म की बात नहीं, मैं अपने क्षेत्र, ऊंचाहार का एक उदाहरण देना चाहता हूँ, सतीश चन्द्र मिश्रा जी भी वहाँ गए थे। वहाँ 5 लोगों की lynching हुई है। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay; please. *...(Interruptions)...* Now, conclude. *...(Interruptions)...*

SHRI PRAMOD TIWARI: This is from my constituency. I will not take more than two minutes. ऊँचाहार एक जगह है। ऊँचाहार में 5 लोग, जो अपने ननिहाल गए थे, उन्हें मारा गया। उन्हें कैसे मारा गया! पहले पैर काटा गया, ताकि भाग न सकें। उनका हाथ काटा गया, ईंटों से उनको कूँचा गया और फिर उन्हें लाकर एक सफारी गाड़ी में रखकर आग लगा दी गई। मैं कहना चाहता हूं, अगर मेरी बात गलत निकल जाए, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा, वरना अगर किसी में साहस हो, तो उठ कर, खड़े होकर मेरी चुनौती को स्वीकार कर ले। क्या यह सही नहीं है कि जिन लोगों ने लिंचिंग की थी, उनके लिए कोई छोटे-मोटे आदमी ने नहीं, उत्तर प्रदेश सरकार के एक कैबिनेट मंत्री ने कोशिश की थी कि ये एफआईआर न लिखने पाएं। मैं चुनौती देता हूं, मैं कहना चाहता हूं कि जो उसका मुख्य accused है, वह भारतीय जनता ...(**व्यवधान**)...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्राः** उनका इंटरव्यू भी छपा था। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रमोद तिवारीः** जी हां, उनका इंटरव्यू छपा था और वह टेलिविज़न पर है। इस तरह लिंचिंग आप करवा रहे हैं, इससे ज्यादा एविडेंस क्या हो सकता है? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, all right. *...(Time bell rings)...* That is all *...(Interruptions)...*

**श्री प्रमोद तिवारीः** सर, मैं एक मिनट में अपनी बात खत्म कर दूंगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, that is all.

**श्री प्रमोद तिवारीः** आग लगाना आसान होता है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, please. *...(Time bell rings)...* That is all. *...(Interruptions)...*

**श्री प्रमोद तिवारीः** आज जो आग आप लगा रहे हो, जाति, धर्म और नफरत की ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, take your seat. ...*(Interruptions)*... Okay, sit down. That is all. ...*(Interruptions)*... Sit down.

**श्री प्रमोद तिवारी:** अगर इसमें कोई रावण जलेगा ...(**व्यवधान**)... 2019 में स्पष्ट हो जाएगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Ramdas Athawale.

**श्री रामदास अठावले:** उपसभापति महोदय,

"देश के संविधान की लेकर आन,
कहता हूं मैं देश में
एक ही बौद्ध, ईसाई, सिख, हिन्दू और मुसलमान।"

**श्री उपसभापति:** आप बोलिए, I can hear you. ...*(Interruptions)*...

**श्री रामदास अठावले:**

"देश के संविधान की लेकर आन,
कहता हूं मैं देश में
एक ही हैं बौद्ध, ईसाई, सिख, हिन्दू और मुसलमान।
वक्त आया तो सभी देते हैं देश के लिए जान।
सभी को मिलकर बढ़ाना है देश का सम्मान।
आप दोनों हैं हिन्दू,
वह भी है हिन्दू, यह भी है हिन्दू,
लेकिन मैं हूं भारत के संविधान का केन्द्रबिन्दु।
मैं नहीं हूं भोंदू, मैं नहीं हूं भोंदू
लेकिन मेरे सारे मित्र हैं हिन्दू।।"

महोदय, आज यह जो चर्चा हो रही है, यह अच्छी बात नहीं है कि गौ-हत्या के नाम पर किसी की हत्या हो, किसी पर हमला हो, किसी की पिटाई हो या दलित समाज पर अत्याचार हो। देश की आज़ादी को 70 साल पूरे हो रहे हैं, मुझे लगता है कि इस तरह की हिंसा करना संविधान के खिलाफ है, कानून के खिलाफ है।

"दलित अत्याचार और गौ-हत्या के संबंध में नहीं होनी चाहिए राजनीति,
हम दोनों को बनना चाहिए एक-दूसरे का साथी।"

महोदय, हमें लोकतंत्र को आगे बढ़ाना है। कल मैं उधर था, मतलब मैं आपके साथ इधर ही था, बाद में मैं इधर आ गया। ...(**व्यवधान**)... यहां आना और वहां जाना तो राजनीति में चलता रहता है, लेकिन मुझे लगता है कि सरकार को सहयोग देने की जिम्मेदारी संविधान ने आप को दी है। उन्होंने भी

यह जिम्मेदारी बहुत साल तक निभाई है, अब आपको निभानी है, दस साल, पन्द्रह साल, बीस साल। ...(**व्यवधान**)... मतलब, जब तक नरेन्द्र मोदी हैं, तब तक।

"जब तक हैं देश में नरेन्द्र मोदी,
तब तक उनके पास ही रहेगी सत्ता की गद्दी।"

वे 'सबका साथ, सबका विकास' का काम कर रहे हैं। उन्होंने गौ-हत्या के नाम पर गुंडागर्दी करने वालों के लिए ऐलान किया है। यूपी में जो अत्याचार हुआ, वहां भी योगी आदित्यनाथ जी ने लोगों को इशारा दे दिया है कि इस तरीके की वारदात होना कोई अच्छी बात नहीं है। इसके पीछे बीजेपी के लोग हैं, ऐसा समझना ठीक नहीं है। वे किस पार्टी के हैं, किस पार्टी के नहीं हैं, किसी भी पार्टी के हों, अगर वे मेरी पार्टी के भी हों, तो मैं भी उनको अंदर डालने के लिए तैयार हूं।

उपसभापति महोदय, यहां कोई पार्टी का विषय नहीं है, लेकिन जिस तरह की हत्याएं हो रही हैं, हमले हो रहे हैं, इनको रोकने के लिए सरकार को कुछ करना चाहिए। ...(**समय की घंटी**)... चाहे सहारनपुर हो या और कोई और जगह हो, कई जगह पर इस तरह के अत्याचार हुए हैं। ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापतिः** ठीक है, आपकी बात हो गई।

**श्री रामदास अठावलेः** आज देश भर में कम से कम 45,000 से ज्यादा अत्याचार होते हैं। आपके कार्यकाल में भी अत्याचार हुए थे और इनके कार्यकाल में भी अत्याचार हो रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि इसके पीछे किसी पार्टी का हाथ है। कांग्रेस या बीजेपी की सरकारें अत्याचार करने के लिए नहीं बोलती हैं। महोदय, आज भी जाति-व्यवस्था कुछ लोगों के दिमाग में है। जाति-व्यवस्था को खत्म करने के लिए मेरा निवेदन यह है कि हम सब लोगों को मिलकर देश को मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

**श्री उपसभापतिः** ठीक है। अब आप बैठिए।

**श्री रामदास अठावलेः** महोदय, एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप न करते हुए हमें देश में शांति कायम रखनी चाहिए। यदि देश में शांति रहेगी, तो देश आगे बढ़ेगा और देश में क्रांति होगी। ...(**व्यवधान**)... इस सरकार और देश को आगे बढ़ने से रोकने के लिए आपको काम नहीं करना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** ठीक है। अब आप बैठिए।

**श्री रामदास अठावलेः** मैं निवेदन करना चाहता हूं कि बहन मायावती जी का यहां होना आवश्यक था। उन्होंने रिज़ाइन दे दिया। इसका मुझे बहुत बुरा लगा। उन्हें यहां रहना चाहिए था। हमारे एक दलित की बेटी मायावती जी तीन-चार बार मुख्य मंत्री रह चुकी हैं। इसलिए उन्हें सदन से इस्तीफा नहीं देना चाहिए था। वे बोल रही थीं कि यह सरकार दलित विरोधी है, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि वे दो-तीन बार बीजेपी के सपोर्ट से ही मुख्य मंत्री बनी थीं, तब क्या बीजेपी जातिवादी पार्टी नहीं थी? ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** ठीक है। अब आप बैठिए।

**श्री रामदास अठावलेः** इसलिए मेरा निवेदन है कि आपको हमारे साथ रहना चाहिए। बीच में रहने से कोई फायदा नहीं है। आपको भी हमारे साथ आना चाहिए और मायावती जी को भी हमारे साथ आना चाहिए। अगर मायावती जी हमारे साथ नहीं आती हैं, तो आप हमारे साथ आइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** ठीक है। अब आप बैठिए।

**श्री रामदास अठावलेः** आपको हमारे साथ आना चाहिए और हम सब लोग मिलकर काम करें, तो हमारा देश आगे बढ़ेगा। मैं अंत में आपसे यही निवेदन मैं करना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** ठीक है। अब आप बैठिए। कृपया बैठिए।

**श्री रामदास अठावलेः** मेरी पार्टी को कम टाइम इसलिए मिलता है क्योंकि मैं अकेला हूं। मैं आगे अपनी पार्टी के ज्यादा लोगों को जिताकर लाऊंगा।

**श्री उपसभापतिः** ठीक है। अब आप बैठिए। I have an announcement to make.

---

**RESIGNATION BY MEMBER**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform the Members that the hon. Chairman had received a letter dated the 20th July, 2017, from Kumari Mayawati, Member, representing the State of Uttar Pradesh, resigning her seat in the Rajya Sabha. The hon. Chairman had accepted her resignation with effect from 20th July, 2017.

---

**SHORT DURATION DISCUSSION**

**Further discussion on the Situation arising out of reported increase in incidents of lynching and atrocities on minorities and dalits across the country –** *Contd.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the reply.

SHRI ANAND SHARMA: Mr. Deputy Chairman, Sir, I am now on a point of order regarding this very discussion and the reply. Yesterday, before the Leader of the Opposition got up and the discussion started, we knew and we were informed by the Chair also that the Home Minister is not in a position to attend. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; the Leader of the House will come. *...(Interruptions)...*